वर्ष 24, अंक 319, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 28 मई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मोदी कैबिनेट का राशन को लेकर बड़ा फैसला

# 80 करोड़ लोगों पर पड़ेगा सीधा असर

**● सार्थक पीडीएस नामक व्यापक योजना के जरिये देशवासियों को मिलेगा मजबूत खाद्य सुरक्षा कवच**



**नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये फैसलों की जानकारी केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने देश में खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत, पारदर्शी तथा तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सार्थक पीडीएस योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत अगले पांच वर्षों में केंद्र सरकार लगभग पच्चीस हजार पांच सौ तीस करोड़ रुपये खर्च करेगी।

उन्होंने बताया कि यह योजना दो मौजूदा योजनाओं को मिलाकर तैयार की गई है। इनमें राज्यों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत खाद्यान्न के राज्य के भीतर परिवहन तथा उचित मूल्य की दुकानों के विक्रेताओं के मार्जिन के लिए सहायता योजना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में तकनीक आधारित सुधारों के लिए स्मार्ट पीडीएस योजना शामिल हैं। इन दोनों योजनाओं को एकीकृत कर सार्थक पीडीएस नामक व्यापक योजना बनाई गई है, जिसका उद्देश्य खाद्यान्न वितरण व्यवस्था को अंतिम छोर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है।

सरकार का कहना है कि इस योजना से देश के 81 करोड़ पैंतीस लाख लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा। योजना के माध्यम से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को खाद्यान्न परिवहन, भंडारण और उचित मूल्य की दुकानों के संचालन के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। साथ ही राशन दुकानदारों के कमीशन में भी सुधार किया जाएगा ताकि वितरण व्यवस्था अधिक मजबूत बन सके। यह योजना 31 मार्च 2031 तक लागू रहेगी।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से और अधिक सक्षम बनाने पर विशेष जोर दे रही है। इसके तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण और ब्लॉकचेन जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। योजना के अंतर्गत एकीकृत डाटाबेस, वास्तविक समय निगरानी प्रणाली, शिकायत निवारण तंत्र और राज्य स्तरीय नियंत्रण केंद्र विकसित किये जाएंगे। इससे खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता बढ़ेगी, गड़बड़ियों पर रोक लगेगी और लाभार्थियों को समय पर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के डिजिटलीकरण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। राशन कार्डों का पूर्ण डिजिटलीकरण, आधार से जोडना, ई-पोस मशीनों के माध्यम से उचित मूल्य की दुकानों का स्वचालन, ऑनलाइन आवंटन तथा आपूर्ति श्रृंखला का कंप्यूटरीकृत प्रबंधन पहले से लागू किया जा चुका है। मेरा राशन, अन्न मित्र, राइटफुल टारगेटिंग डैशबोर्ड और अन्न सहायता जैसे नागरिक केंद्रित मंचों ने भी व्यवस्था को अधिक सुगम बनाया है। सरकार का मानना है कि सार्थक पीडीएस योजना इन सुधारों को और आगे ले जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों में बढ़ती गर्मी और लू की स्थिति को देखते हुए लोगों से सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, बाहर निकलते समय पानी साथ रखने और जरूरतमंद लोगों को पानी उपलब्ध कराने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अत्यधिक गर्मी के दौरान चक्कर आना, उल्टी जैसा महसूस होना और अत्यधिक थकान जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति अस्वस्थ महसूस करे तो उसे तुरंत ठंडी और छायादार जगह पर ले जाकर पानी तथा ओआरएस उपलब्ध कराया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और खुले में काम करने वाले लोगों को अधिक सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि लू के संकेतों को अनदेखा करना गंभीर खतरा पैदा कर सकता है ।

## सीमाओं से 15 किलोमीटर के दायरे में सभी अवैध ढांचे होंगे ध्वस्त- शाह



**बीकानेर**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने अधिकारियों को देश की सीमाओं के 15 किलोमीटर के दायरे में अवैध निमार्णों के खिलाफ 'जीरो-टॉलरेंस' नीति को सख्ती से लागू करने और पिछले कुछ वर्षों में बने ऐसे सभी ढांचों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि गृह मंत्रालय ने जिला मजिस्ट्रेटों को सीमावर्ती क्षेत्रों में सभी बैंकों द्वारा बैंकिंग लेनदेन के कानूनी और वित्तीय अनुपालन को सुनिश्चित करने, बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का सत्यापन करने, उनके वित्तपोषण स्त्रोतों की जांच करने, फर्जी खातों और फर्जी कंपनियों का पता लगाने, फर्जी आधार कार्डों की पहचान करने और सीमा पार तस्करी को नियंत्रित करने की बढ़ी हुई जिम्मेदारी सौंपी है।

शाह ने बीकानेर में आयोजित एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारत-पाकिस्तान सीमा से लगे राजस्थान के सीमावर्ती जिलों से संबंधित सुरक्षा मुद्दों का आकलन किया। इससे पहले बीकानेर में सीमा चौकी पर बीएसएफ कर्मियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पिछली सरकारों ने सीमा सुरक्षा में महिलाओं की भूमिका और उनके लिए आवश्यक सुविधाओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया।

## यमुना किनारे अवैध निर्माण पर दिल्ली HC नाराज

**नई दिल्ली**

दिल्ली की यमुना बाढ़ क्षेत्र यानी जोन-ड में तेजी से फैल रहे अवैध निर्माण पर दिल्ली हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है. कोर्ट ने साफ कहा कि यमुना खादर क्षेत्र में बनी रिहायशी कॉलोनियां पूरी तरह से अस्वीकार्य और गैरकानूनी हैं. कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी कि यदि अवैध निर्माण नहीं रुका तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## पीएम मोदी के साथ विजय की 20 मिनट बैठक,

### सीएम बनने के बाद पहली मुलाकात में की ये 2 अपील



**तमिलनाडु**

**तमिलनाडु** की सत्ता संभालने के बाद मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बुधवार (27 मई, 2026) को पहली बार राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री विजय ने पीएम मोदी से कर्नाटक की प्रस्तावित मेकेदातु डैम प्रोजेक्ट समेत राज्य के कई मुद्दों को लेकर गंभीर चर्चा की और एक ज्ञापन भी सौंपा.

उन्होंने पीएम मोदी से अनुरोध करते हुए कहा कि केंद्र की तरफ से तमिलनाडु, केरलम और पुडुचेरी की सहमति के बिना कर्नाटक के प्रस्तावित मेकेदातु डेम प्रोजेक्ट को मंजूरी न दी जाए. इस अनुरोध के पीछे उन्होंने तीनों राज्यों के किसानों में पैदा होने वाली चिंता को आधार बताया.

सीएम विजय ने पीएम मोदी से क्या किया अनुरोध?

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने कहा, ह्यकर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की तरफ से मेकेदातु डैम प्रोजेक्ट के लिए भूमि पूजा आयोजित करने की घोषणा कावेरी जल विवाद ट्रिब्यूनल के आखिरी फैसले और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ है.

उन्होंने पीएम मोदी ने यह भी अनुरोध किया कि वह केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय और केंद्रीय जल आयोग को यह निर्देश दें कि वे तमिलनाडु, केरलम और पुडुचेरी की सहमति के बिना कर्नाटक के डैम प्रोजेक्ट को मंजूरी न दें।

## 2035 तक तैयार होगा स्वदेशी 5th जेनरेशन स्टील्थ फाइटर?

**नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्रालय ने बुधवार को महत्वाकांक्षी स्वदेशी उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) जारी किया, जो भारत की पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान परियोजना में एक महत्वपूर्ण कदम है। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, आरएफपी तीन चयनित उद्योग संघों को भेजा गया है। इनमें लार्सन एंड टुब्रो-भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड समूह, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत फोर्ज-बीईएमएल संघ शामिल हैं। एएमसीए परियोजना को भारत के सबसे महत्वपूर्ण रक्षा विमानन कार्यक्रमों में से एक माना जाता है। इसका उद्देश्य भारतीय वायु सेना के लिए स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ लड़ाकू विमान विकसित करना है, जिससे उन्नत सैन्य प्रौद्योगिकी में देश की आत्मनिर्भरता मजबूत हो सके। रक्षा मंत्रालय ने इस वर्ष फरवरी में टाटा समूह, लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) और भारत फोर्ज को उन्नत बहुस्तरीय लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम के तहत पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान विकसित करने के लिए चुना था।

## ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाने और वोट चोरी का आरोप लगाने वाला विपक्ष क्या अब माफी मांगेगा?



**नई दिल्ली**

**विपक्षी** दलों ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर वोट चोरी जैसे गंभीर आरोप लगाए तथा पूरे निर्वाचन तंत्र को कठघरे में खड़ा करने का प्रयास किया। यही नहीं विपक्ष ने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ संसद में महाभियोग का प्रस्ताव तक पेश कर दिया था लेकिन उच्चतम न्यायालय के फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया कि खामी निर्वाचन आयोग, निर्वाचन आयुक्त या एसआईआर प्रक्रिया में नहीं बल्कि विपक्षी दलों की सोच और आशंकाओं में थी। न्यायालय ने आज निर्वाचन आयोग द्वारा कराई गई विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को संवैधानिक रूप से वैध ठहराते हुए कहा कि यह कदम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। अदालत ने साफ कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती केवल मतदान प्रक्रिया पर निर्भर नहीं करती, बल्कि मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर भी आधारित होती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि निर्वाचन आयोग की यह प्रक्रिया जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 तथा मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के विपरीत नहीं है।

## विधानसभा में यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पास, हिमंत सरमा ने कही बड़ी बात



**असम**

**असम** विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक, 2026 पारित कर दिया। भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने सोमवार को यह विधेयक सदन में पेश किया था। इसके साथ ही असम पूर्वोत्तर का पहला और उत्तराखंड एवं गुजरात के बाद भाजपा शासित तीसरा राज्य बन गया है जिसने इस विधेयक को पारित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। विधेयक विपक्ष के हंगामे के बीच पारित हुआ, जिसने इसे चयन समिति को भेजने की मांग की है।

यूसीसी 2026 के असम विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के प्रमुख वादों में से एक था, और राज्य मंत्रिमंडल ने इस महीने की शुरूआत में अपनी पहली बैठक में इसके मसौदे को मंजूरी दी थी। इस विधेयक का उद्देश्य राज्य के सभी निवासियों के लिए एक समान नागरिक कानूनी ढांचा तैयार करना है, जिसमें विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे मुद्दे शामिल हैं। इस विधेयक के प्रमुख प्रावधानों में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाना और विवाह एवं लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य करना शामिल है। मसौदा कानून के अनुसार, विवाह समारोह के 60 दिनों के भीतर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

## वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा क्रिस गेल का सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली**

क्रिकेट में कब क्या हो जाए, इसका अनुमान कोई नहीं लगा सकता, लेकिन कई बार ऐसे रिकॉर्ड बन जाते हैं, जिनका टूटना असंभव होता है, लेकिन आज (बुधवार) को आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल का एक ऐसा रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी. 15 साल के इस बल्लेबाज ने यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा है.

दरअसल, आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था. गेल ने 14 साल पहले आईपीएल 2012 में 59 सिक्स लगा दिए थे. तब से कहा जा रहा था कि गेल का यह रिकॉर्ड टूटना मुमकिन नहीं है, लेकिन आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी ने यह रिकॉर्ड तोड़ दिया है. वैभव अब तक 60 छक्के लगा चुके हैं.

आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के

60* - वैभव सूर्यवंशी (2026)
59 - क्रिस गेल (2012)
52 - आंद्रे रसेल (2019)
51 - क्रिस गेल (2013)
45 - जोस बटलर (2022)

### एलिमिनेटर मैच में मचाई तबाही



वैभव सूर्यवंशी ने जड़ा प्लेऑफ का सबसे तेज अर्धशतक

न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में वैभव सूर्यवंशी ने छक्कों की बरसात कर दी. वैभव ने ऑस्ट्रेलिया के खूंखार तेज गेंदबाज पैट कमिंस पर छक्कों की हैट्रिक लगाई. वैभव ने सिर्फ 16 गेंद में अर्धशतक जड़ा. आईपीएल के अपने छोटे से करियर में पांचवीं बार वैभव सूर्यवंशी ने 20 से कम गेंद में फिफ्टी जड़ी है. वहीं आईपीएल के प्लेऑफ में संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं.

आईपीएल 2014 के प्लेऑफ में सुरेश रैना ने भी 16 गेंद में अर्धशतक जड़ा था.

बता दें कि एलिमिनेटर मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीता था।

## पूर्व पीएम पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर अरविंद केजरीवाल बोले, 'एक मजबूत भारत की नींव...'

**नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व सीएम और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी. उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा, "एक मजबूत भारत की नींव रखने वाले देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि."

**14 नवम्बर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था जन्म**

पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म 14 नवम्बर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था. 1916 में वे महात्मा गांधी से पहली बार मिले जिनसे वे काफी प्रेरित हुए. उन्होंने 1920 में उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में पहले किसान मार्च का आयोजन किया. 1920-22 के असहयोग आंदोलन के सिलसिले में उन्हें दो बार जेल भी जाना पड़ा. पंडित नेहरू सितंबर 1923 में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव बने. उन्होंने 1926 में इटली, स्विट्जरलैंड, इंग्लैंड, बेल्जियम, जर्मनी एवं रूस का दौरा किया. बेल्जियम में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक आधिकारिक प्रतिनिधि के रूप में ब्रुसेल्स में दीन देशों के सम्मेलन में भाग लिया।

# बकरीद से पहले तनाव क्यों? मुंबई में चाकूबाजी

## जयपुर में जुबान काटने की धमकी और वढ में सख्त पाबंदियों समेत कहां क्या बवाल



**जयपुर**

**देश** में इस बार बकरीद का त्योहार आने से पहले ही तीन राज्यों महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में माहौल गरमा गया है. कहीं बकरों को लेकर हाउसिंग सोसायटी में खूनी झड़प हुई तो कहीं नेताओं के बयानों से आग भड़की. वहीं, यूपी सरकार ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त पाबंदियां लगा दी हैं. इसके अलावा कई राज्यों में बकरीद को लेकर माहौल गर्मा गया. आइए, इन राज्यों के मसले को तफसील से समझते हैं...

**महाराष्ट्रः मीरा रोड की सोसायटी में बकरों को लेकर खूनी संघर्ष**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के मीरा रोड इलाके में स्थित पूनम क्लस्टर-1 हाउसिंग सोसायटी में बकरीद की कुबार्नी को लेकर सोमवार की रात जमकर बवाल हुआ. यह विवाद इतना बढ़ा कि चाकू चल गए, हनुमान चालीसा का पाठ हुआ, एक सूअर का बच्चा लाकर विरोध जताया गया और आखिर में 200 से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात करना पड़ा.

इस सोसायटी में 550 से ज्यादा फ्लैट हैं, जिनमें कई मुस्लिम परिवार रहते हैं. पिछले कुछ सालों से यहां मुस्लिम परिवार बकरीद के लिए कुबार्नी के बकरे लाते रहे हैं और सोसायटी परिसर में अस्थायी शेड बनाकर उन्हें बांधते हैं. इंडियन एक्सप्रेस को एक स्थानीय निवासी ने बताया, 'सोसायटी में ऐसा काफी सालों से हो रहा है. बकरे बांधे जाते हैं और कुबार्नी भी की जाती है, लेकिन कुछ लोगों को इससे दिक्कत रही है और पिछली बार भी ऐसा ही मसला हुआ था. इस बार हालात ज्यादा बिगड़ गए.'

सोमवार रात करीब 10 बजे कुछ निवासियों ने बजरंग दल के स्थानीय नेता पवन ठाकुर और दूसरे कार्यकताओं को सोसायटी में दखल देने के लिए बुला लिया. करीब दो घंटे बाद, बजरंग दल के पदाधिकारी नागनाथ कांबले भी समर्थकों के साथ पहुंच गए. रात करीब 12:50 बजे, एक अज्ञात शख्स ने कथित तौर पर पीछे से नागनाथ कांबले पर चाकू से हमला करने की कोशिश की. हर्ष सिंह की शिकायत पर काशिमीरा पुलिस स्टेशन में अज्ञात हमलावर के खिलाफ ऋक्रफ़ दर्ज की. विरोध के दौरान कुछ कार्यकताओं ने कथित तौर पर एक सूअर का बच्चा भी सोसायटी परिसर में लाने की कोशिश की, और इसे 'वराह पूजा' का नाम दिया. बाद में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सूअर को जब्त कर लिया।

# मांडा के बभनी हेठार में ट्रेन से महिला की मौत

## डीएफसीसी रेलवे ट्रैक पर हुई घटना, पहचान नहीं

अखंड भारत सन्देश



**मांडा।** इलाकाई मांडा थानांतर्गत बभनी हेठार में बुधवार शाम लगभग सवा छह बजे एक 46 वर्षीय महिला की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। यह घटना डीएफसीसी रेलवे ट्रैक की अपलाइन पर हुई। सूचना मिलने पर मांडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम के समय रेलवे ट्रैक के पास अचानक तेज आवाज सुनाई दी। जब लोग घटनास्थल की ओर दौड़े, तो उन्होंने एक महिला को ट्रैक के किनारे पड़ा देखा। ट्रेन की टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास के लोगों से महिला की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। दिघिया चौकी के एसआई अबू तालिब जैदी ने बताया कि मृत महिला की उम्र लगभग 46 वर्ष प्रतीत हो रही है। महिला के दाहिने हाथ पर "प्रेमा देवी पत्नी ओमप्रकाश" लिखा हुआ मिला है।

पुलिस को उम्मीद है कि यह जानकारी महिला की पहचान स्थापित करने में सहायक होगी। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला किस गांव या जिले की निवासी थी और वह रेलवे ट्रैक तक कैसे पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भी महिला की पहचान कराने का प्रयास कर रही है, ताकि उसके परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मांडा थाना पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। पुलिस चौकी प्रभारी दिघिया विक्की कुमार गुप्ता ने बताया कि महिला की पहचान होते ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी और घटना के कारणों का भी पता लगाया जाएगा।

# अरैल सेल्फी प्वाइंट पर शरबत का भव्य भंडारा का आयोजन हुआ

**नैनी।** नैनी अरैल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष मंगलवार को गंगा दशहरा पर्व पर सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल के सौजन्य से नये पक्के घाट (सेल्फी प्वाइंट पर) शरबत का भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें गंगा में स्नान करने वाले स्नानार्थियों, दर्शनार्थियों एवं राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पाण्डेय, सहदेव चौरसिया, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, ऋषि दीक्षित, शशिकांत पांडेय, इंदु प्रकाश सिंह, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, धीरज राजवानी, बिनोद गुरानी, डॉ. संगम लाल विश्वकर्मा, डॉ सुनीता विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, अल्का विश्वकर्मा, नीरज पांडेय, संदीप केसरवानी, विवेक दुबे, ऋषभ पाण्डेय, प्रवीण तिवारी, धीरज निषाद, तुलसी तिवारी, कार्तिकेय तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### मंगल भवन अमंगल हारी, द्रवहु सुदसरथ अजिर बिहारी





**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बरियांवा गांव निवासी सुरेंद्र नाथ बब्बू शुक्ला द्वारा अपने पुत्र शुभम शुक्ला एवं पौत्र पृथ्वी शुक्ला के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध संगीतकार भोलानाथ दुबे, शिवानी दुबे, राज दुबे एवं उनके सहयोगियों द्वारा प्रभु श्रीराम की महिमा का बखान किया गया।श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ अनंत काल से होता चला आ रहा है परिवार, समाज की मंगल कामना हेतु किया जाने वाला यह पाठ अत्यंत ही शुभ फलदायक है। जीवन की किसी भी शुभ शुरूवात के लिए लोग अखंड रामायण का पाठ करवाते हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के गुणों का बखान करने वाली श्रीराम चरित मानस अखंड पाठ बहुत ही शुभकारी एवं मंगलकारी होता है। रामायण के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक बब्बू शुक्ला एवं शुभम शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता विमलधर दुबे, ब्लाक प्रमुख ज्योति यादव, मातेश्वर ओझा, ललित कुमार, सूरज मिश्रा, वकील मिश्रा, पिंटू तिवारी, पिंटू ओझा, मातेश्वर शुक्ला, राजेश शुक्ला, संजय शुक्ला, जय प्रकाश दुबे, गायक अतुल पांडेय एवं परिजनों में त्रिलोकी नाथ शुक्ला, त्रिभुवन नाथ शुक्ला, चंद्रभूषण शुक्ला, चंद्रशेखर शुक्ला, महेंद्र नाथ शुक्ला, राजेश, राकेश, दुर्गेश, सत्यम, नीरज, निखिल, शिवम, नितिन, सिद्धार्थ, अभिनंदन, देवांश, अभिषेक, रुद्राक्ष, ऋषि, भांजा सोम, भांजी सृष्टि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### कनिष्क लिपिक ने कर्मचारियों के साथ की मारपीट, निलंबन की कार्रवाई

**करछना।** करछना बीआरसी में तैनात एक कनिष्ठ लिपिक पर कर्मचारियों से गाली-गलौज, मारपीट और खंड शिक्षा अधिकारी को धमकी देने का गंभीर आरोप लगा है। मामले को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी शैलपति यादव ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को रिपोर्ट भेजकर आरोपी कर्मचारी के निलंबन और तत्काल हटाने की संस्तुति की है। घटना के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। बीईओ द्वारा भेजी गई आख्या में कहा गया है कि बीआरसी करछना में तैनात कनिष्ठ लिपिक साकेत शुक्ल आए दिन शिक्षकों और कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार करता है। आरोप है कि वह अक्सर कार्यालय से गायब रहता है, जिससे सरकारी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा उसके व्यवहार को लेकर कई बार शिकायत भी की जा चुकी है। आख्या के अनुसार 22 अप्रैल को बीआरसी परिसर में साकेत शुक्ल ने संबद्ध परिचारक अखंड प्रताप को मां-बहन की गालियां देते हुए मारपीट की। जब खंड शिक्षा अधिकारी ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराने का प्रयास किया तो उनसे भी अभद्रता करते हुए देख लेने की धमकी दी गई। मामले की पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज भी बीएसए कार्यालय को भेजी गई है।

### अरैल सेल्फी प्वाइंट पर शरबत का भव्य भंडारा का आयोजन हुआ

**नैनी।** नैनी अरैल में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष मंगलवार को गंगा दशहरा पर्व पर सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल के सौजन्य से नये पक्के घाट (सेल्फी प्वाइंट पर) शरबत का भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें गंगा में स्नान करने वाले स्नानार्थियों, दर्शनार्थियों एवं राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया गया। कार्यक्रम में कुंवर जी तिवारी, मनीष पाण्डेय, सहदेव चौरसिया, एडवोकेट आत्म प्रकाश यादव, ऋषि दीक्षित, शशिकांत पांडेय, इंदु प्रकाश सिंह, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, धीरज राजवानी, बिनोद गुरानी, डॉ. संगम लाल विश्वकर्मा, डॉ सुनीता विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, अल्का विश्वकर्मा, नीरज पांडेय, संदीप केसरवानी, विवेक दुबे, ऋषभ पाण्डेय, प्रवीण तिवारी, धीरज निषाद, तुलसी तिवारी, कार्तिकेय तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# बीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में हाइटेक सिटी 11 विजेता और सोनू टीम 11 उप विजेता बनी

## विजेता टीम को जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव ने पुरस्कृत किया




**करछना प्रयागराज।** तीन दिवसीय बीपीएल रात्रि कालीन क्रिकेट टूनामेंट बगरहा डीहा में प्रतिभाग किए 16 टीमों में से फाइनल मुकाबला टीम सोनू 11 चपरतला और हाइटेक सिटी 11 के बीच दिलचस्प रोमांचक मुकाबला मंगलवार की रात्रि कालीन में खेला गया। जिसमें हाइटेक सिटी 11 ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। वही सोनू 11 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8ओवरो में पांच विकेट पर 104 रन का लक्ष्य रखा। वही हाइटेक सिटी 11 ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सात ओवर तीन गेंदो में मैच अपने नाम कर लिया। जिससे हाइटेक सिटी11 विजेता और सोनू 11 उप विजेता बनी। जिसमें विजेता टीम को 55 555 रुपए सहित चमचमाती ट्रॉफी और उप विजेता टीम को रनर ट्रॉफी सहित 33333 रुपए का पुरस्कार टूनामेंट के आयोजक व संयोजक की ओर से प्रदान किया गया। वहीं मैन ऑफ द मैच नंदन यादव को फ्रिज व मैन ऑफ सीरीज का पुरस्कार मो हसन को दिया गया।और हाइटेक सिटी 11 के कप्तान हिमांशु पांडेय व सोनू 11 टीम के कप्तान विपिन मिश्र को स्पेशल पुरस्कार से नवाजा गया। पुरस्कार वितरित करते हुए मुख्य अतिथियों में तिवारी कंस्ट्रक्शन के आनर के एस तिवारी, सुनैना कंस्ट्रक्शन ग्रुप के डायरेक्टर अमित मिश्र व सुमित मिश्र व सदस्य जिला पंचायत डॉ विजय बाबू यादव ने पुरस्कार वितरित करते हुए कहा कि खेल में कोई हारता नहीं , बल्कि खेल में एक ओर जीत मिलती है ? । तो एक ओर सीख मिलती है। खेल से शारीरिक सहित मानसिक स्वास्थ्यता भी प्राप्त होती है। टूनामेंट के आयोजक व संयोजक रहे तिवारी कंस्ट्रक्शन के आनर केएस तिवारी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि खेल में एक टीम विजेता व दूसरी टीम उप विजेता बनती है। उनकी ओर से सभी खिलाड़ियों सहित सभी लोगों के प्रति आभार जताया गया। और सकुशल कार्यक्रम की सफलता के प्रति सभी के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया गया। एपांयर के रूप में मो सैफी व राजू पटेल रहे। कमेंटेटर के रूप में प्रदीप मिश्र, मनु सिंह, संतोष यादव रहे। व्यवस्थापक के रूप में दीपू मिश्र, कामेश द्विवेदी , विजय तिवारी रहे। इस मौके पर देवी शंकर तिवारी , एसपी मिश्र, अवतार किशन दादू सिंह, कृपा शंकर तिवारी,अजय द्विवेदी, सचिन तिवारी, आकाश तिवारी, विकास तिवारी, विजय यादव नरेंद्र यादव , स्वतंत्र तिवारी ,अभिषेक शुक्ल, प्रहलाद शुक्ल, धीतेश तिवारी , मनु मिश्र, राहुल मिश्र, छोटू तिवारी, राजा तिवारी, राहुल शुक्ल, विकास तिवारी ,अखिलेश यादव , राजा मिश्र, ऋषभ शुक्ल, एस मिश्र, अंबुज ओझा, प्राजंल मिश्र सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय दर्शक लोग मौजूद रहे।

# कोरांव मोबाइल कोर्ट : पुलिस व नगर पंचायत पर भड़के दंडाधिकारी



**कोरांव।** ग्राम न्यायालय कोरांव के दंडाधिकारी अभयदीप विश्वकर्मा ने सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में मोबाइल कोर्ट लगाकर सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान उन्होंने कोरांव पुलिस की कार्यप्रणाली व नगर पंचायत की अव्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताई। दंडाधिकारी ने कहा कि इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। पूर्व सूचना के बावजूद ईओ अमित कुमार अनुपस्थित रहने पर दंडाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। ईओ को शुक्रवार को ग्राम न्यायालय में तलब किया गया है। दंडाधिकारी ने बताया कि इसके पहले भी एसीपी मेजा को पत्र भेजा गया, लेकिन असर नहीं हुआ।

**मुख्य मामले:**

1. मोबाइल कोर्ट में कुल 46 मामलों का निस्तारण हुआ।
2. एक मामले में दो लोगों को पुलिस कस्टडी में लिया गया, जिनकी जमानत हो गई।
3. सरकार बनाम मूलचंद्र निवासी कस्बा कोरांवः 03 दिसंबर 2016 से फरार आरोपी ने आज जमानत कराई।
4. क्राइम नंबर 05/2013 सरकार बनाम मंगला प्रसाद निवासी नेवढ़ियाः आरोपियों ने जुर्म स्वीकार किया।

इस दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष राम बहादुर सिंह, मंत्री लक्ष्मीकांत शुक्ला सहित कई अधिवक्ता, वादी-प्रतिवादी मौजूद रहे।

# अहंकार भक्ति के मार्ग में सबसे बड़ा बाधक : अतुल महाराज

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** शंकर धाम सेवा समिति एवं शिव भक्तों द्वारा नागरिक शिक्षण संस्थान जंघई शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित सार्वजनिक शिव महापुराण कथा में कथा व्यास पंडित अतुल नारायण दास महाराज ने तृतीय दिवस की कथा में तीन प्रमुख प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। जिसमें धनपति कुबेर की उत्पत्ति की कथा में बताया कि कुबेर का जन्म ऋषि विश्रवा के घर हुआ, जो ब्रह्मा जी के पौत्र थे। कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने कुबेर को देवताओं का कोषाध्यक्ष बनाया तथा उन्हें अपार धन, पुष्पक विमान और उत्तर दिशा का स्वामित्व प्रदान किया। लंका से अलकापुरी तक की यात्रा और भगवान शिव से प्राप्त धनपति की उपाधि ने श्रद्धालुओं को गहन आध्यात्मिक संदेश दिया। नारद मोह भंग प्रसंग में देवर्षि नारद के अहंकार के टूटने की कथा सुनाई गई। भगवान विष्णु की लीला के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि अहंकार भक्ति के मार्ग में सबसे बड़ा बाधक है और सच्चा ज्ञान विनम्रता से ही प्राप्त होता है। भगवान भाव के भूखे होते हैं सच्ची श्रद्धा, गुरु और भगवान में अटूट विश्वास ही सबसे बड़ा धन है। महाराज ने कहा कि ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना के समय उनके मन से एक अत्यंत रूपवती कन्या का जन्म हुआ, जिसका नाम संध्या रखा गया। कामदेव के प्रभाव के कारण ऋषियों के मन में संध्या को देखकर वासना के भाव जागृत हुए, जिससे संध्या बहुत लज्जित और दुखी हुई शिव की तपस्या करके अपनी शुद्धि और प्रायश्चित के लिए, संध्या ने चंद्रभागा चेनाब पर्वत पर जाकर कठोर तपस्या किया उन्होंने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए चार युगों तक केवल जल और वायु का आहार लेकर तप किया। कथा के पश्चात आरती प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर पंडित गंगा प्रसाद पांडेय, यज्ञाचार्य पंडित अजय पांडेय शास्त्री, उपाचार्य पंडित राहुल मिश्रा, यजमान अशोक तिवारी, पंडित अमितेश मिश्रा, पंडित आशु पांडेय, पंडित राज मिश्रा, राहुल दुबे, अवधेश पांडेय, रामकृष्ण तिवारी, अरविंद शुक्ला, गणेश शुक्ला, नीरज शुक्ला, अनिल शर्मा, विजय पांडेय, अभी शुक्ला सहित तमाम कथा श्रोतागण मौजूद रहे।

# जन समस्याओं का त्वरित निदान अधिकार और क्षमता के अनुसार किया जाएगा : प्रशासक शहजादे



**पसना।** प्रदेश सरकार ने 26 मई 2026 को ग्राम प्रधानों के कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात अब नए शासनादेश के तहत ग्राम पंचायतों का समुचित विकास होता रहे इस लिए प्रशासक बना दिया है।

ग्राम पंचायत अलहवा कोरांव के प्रशासक अथवा ग्राम प्रधान अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने कहा है कि ग्राम पंचायत के अवशेष विकास कार्य तथा अन्य समस्याओं के निदान करने का मौका मिला है जिसे हर संभव पूर्ण किया जाएगा। श्री सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने बताया कि प्रयास होगा कि शुद्ध पेयजल की समस्याओं को दूर करना तथा जहां जहां रस्ते खराब हैं लाइटें खराब हैं योजनाएं अधर में हैं उन्हें पूर्ण कराया जाएगा। साथ ही सरकारी संपतियों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाएगा। दोषियों पर एवं गांव में कानून व्यवस्था भंग करने बदलीं पर निगरानी की जाएगी और बड़े विकास कार्यों के क्रियान्वयन हेतु सीधे डीएम से अनुमति ले कर अंतिम रूप दिया जाएगा।

उन्होंने बकरीद पर्व को भाई चारे के साथ मिल जुल कर मनाने की अपील की। उन्होंने कहा जनता ने जिस उद्देश्य से मुझे ग्राम प्रधान बनाया था संभवतः अपना दायित्व निभाया है। और आगे भी प्रस्तावित विकास कार्यों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। मेरा पूरा प्रयास है कि कोई गांव में दुखी न रहे। प्रधान ने अपील किया लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। क्योंकि जिंदगी अनमोल है। मादक पदार्थों के सेवन से बचें।

प्रशासक शहजादे ने कहा कि गांव सभा कानून अपने हाथ में लेने वालों को एवं विकास कार्यों में विघ्न डालने वालों को तथा फर्जी शिकायत करने वालों को विधिक रूप से सबसक सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी समस्या हो लोग तुरंत मुझसे बताएं या मेरे पंचायत सहायक,रोजगार सेवक,मेरे प्रतिनिधि या सचिव से अवगत कराएं। जिसका समुचित निदान किया जा सके।

# कांग्रेसियोंने ने पंडित नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर याद किया



**करछना।** करछना में कांग्रेसियों ने आधुनिक भारत के राष्ट्र निमार्ता भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की 62वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। अरूण तिवारी ने कहा कि कोई भी घर कोई भी मूल्य कोई भी सिद्धांत राष्ट्र संगठन विचारधारा तब कमजोर होती है तब बर्बाद होती है जब उसके अपने दावा तो उस विचारधारा पर चलने का करते हैं लेकिन उनके आचरण एकदम विपरीत हो जाते हैं तब मूल्यो का अवमूल्यन होता है और विचारधारा कमजोर होती है ।पंडित नेहरू के दर्शन के संवाहक जिनके ऊपर पंडित नेहरू के सिद्धांतों को आगे करके एक मजबूत शक्तिशाली भारत का निर्माण करना एक सामंतवादी अधिनायक वादी क्रूर और तानाशाह विचारधारा से दो दो हाथ करके विजय हासिल करनी है तो हमें शॉर्टकट के बजाय पंडित नेहरू के गांधी के आदर्शों और सिद्धांतों पर अडिग रहना चाहिए। राजनीतिक फायदे के लिए कोई भी ऐसी बात कोई भी ऐसा कार्यक्रम जिससे सामाजिक संरचना जो पहले से भी बहुत छिन्न भिन्न हो चुकी है उसको और भी नुकसान पहुंचे देश में असहिष्णुता का वातावरण पैदा हो इस पर विशेष नजर भी होनी चाहिए। पंडित नेहरू जी के पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में सर्व श्री शिव विजय सिंह, रंगराज सिंह वरिष्ठ कांग्रेस नेता, डॉ. दिनेश कुमार सोनी पी सी सी सदस्य, विनय कृष्ण पाण्डेय एडवोकेट ,नागेश पाण्डेय, आशीष मिश्र एडवोकेट, आशाराम मिश्र, दीपक तिवारी, मताम्बर मिश्र, रजनीश विश्राम दास, रामू पाल, शारदा प्रसाद गुरुचरण, राजकुमार पटेल दरोगा,रामछबीले मिश्रा, प्रकाश पांडेय, त्रिपुरारी मिश्रा सहित, पवनेश सोनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने ग्रामसभा चन्दौहा में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर अशफाक अहमद ने पंडित नेहरू को महान युगद्दष्टा, चिंतक एवं विचारक बताते हुए कहा कि उन्होंने गरीबों की आवाज बनकर देश के विकास और एकता के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू महान स्वतंत्रता सेनानी थे और उन्होंने विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाने का काम किया। उनके व्यक्तित्व, दूरदर्शी नीतियों और कार्यों से आज भी प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू बच्चों से अत्यंत स्नेह करते थे, इसलिए उन्हें दुनिया ह्लचाचा नेहरूह्व के नाम से जानती है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और उनसे प्रेरणा लेकर देश को मजबूत एवं अखंड बनाया जा सकता है। विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय ने पंडित नेहरू को महान युगपुरुष बताते हुए कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्व सदियों में जन्म लेते हैं। उन्होंने सभी लोगों से उनके आदर्शों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सुनील पाण्डेय ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह, राम मनोरथ सरोज, राम नरेश, राम सजीवन, ब्लॉक अध्यक्ष रितेश पासी, डॉ. अमर सिंह पटेल, मो. फारूक, अखिलेश कुमार, निर्वेश, रितिक कुमार, रोशन लाल, पुष्पा चौधरी, गीता देवी, रेखा देवी, फोटो देवी, संगीता देवी, कमलेश कुमार, पायल, शीतल, मुश्कान, हरिभान सिंह, गुलाब पासी, अनुपम पासी एवं सोनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# आयुष्मान कार्ड और संस्थागत प्रसव में लापरवाही पर डीएम सख्त चिकित्सा अधीक्षकों को चेतावनी




**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज ।** जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने और सरकारी अस्पतालों में संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने में लापरवाही पर नाराजगी जताई। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह भी बैठक में मौजूद रहीं।

जिलाधिकारी ने आयुष्मान गोल्डन कार्ड की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश दिए कि प्रतिदिन औसतन 200 गोल्डन कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि जनपद प्रयागराज को प्रदेश में शीर्ष स्थान पर लाने के लिए तेजी से कार्य किया जाए। लक्ष्य पूरा नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। साथ ही सीडीओ को प्रतिदिन इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने रामनगर, सोरांव, बहादुरपुर, चाका, कौंधियारा, सैदाबाद और मांडा ब्लॉक के चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि सभी गर्भवती महिलाओं की सूची आशाओं के माध्यम से तैयार कराकर उनका प्रसव सरकारी अस्पतालों में सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

फर्स्ट रेफरल यूनिट (एफआरयू) सीएचसी में सिजेरियन प्रसव की समीक्षा के दौरान कोरांव और हंडिया सीएचसी में अप्रैल माह में केवल छह-छह सिजेरियन प्रसव होने पर सीडीओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रसव कार्य में रुचि नहीं लेने वाले संबंधित स्त्री रोग विशेषज्ञों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों के भुगतान की धीमी प्रगति पर भी अधिकारियों को फटकार लगाई गई। सीडीओ ने समस्त ब्लॉक लेखा प्रबंधकों का वेतन संतोषजनक प्रगति होने तक रोकने के निर्देश दिए। साथ ही मातृ एवं शिशु मृत्यु के सभी मामलों की अनिवार्य रिपोर्टिंग पोर्टल पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि कारणों की समीक्षा कर सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें।

बैठक में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सीएचओ द्वारा किए जा रहे ई-संजीवनी और ओपीडी कार्यों की रैंडम जांच कराने के निर्देश दिए। लंबे समय से अनुपस्थित सीएचओ की संविदा सेवा समाप्त करने के लिए भी सीएमओ को निर्देशित किया गया।

आरबीएसके कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान मेडिकल मोबाइल टीमों को समय से वाहन उपलब्ध न कराने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने संबंधित वेंडर को ब्लैकलिस्ट कर नया टेंडर जारी करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार तिवारी समेत स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


# मेजा के प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने और प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने पर सीएम योगी का जताया आभार

कहा - यूपी के सीएम योगी आदित्य ने प्रशासनिक अधिकारियों के बजाय प्रधानों पर जताया भरोसा, जनहित में सरकार द्वारा प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने का लिया गया निर्णय है ऐतिहासिक, सरकार के निर्णय का प्रधानों ने किया स्वागत जाहिर की प्रसन्नता

**(चन्द्रमा प्रसाद/अतुल तिवारी)**


अरशद खान


मुलायम सिंह यादव


रामधारी बिन्द उर्फ कल्लू नेता


शिव कुमार शुक्ला

**मेजा।** यूपी में तय समय सीमा पर पंचायत चुनाव न हो पाने स्थिति में पंचायतों प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने और यूपी के सीएम योगी द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के बजाय प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त करने पर मेजा ब्लाक के प्रधानों ने खुशी जाहिर किया और योगी सरकार का आभार जताते हुए अपनी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

मेजा ब्लाक के विकसित ग्राम पंचायत लोटाढ में विकास की नई इबारत लिखने वाले प्रधान प्रतिनिधि मुलायम सिंह यादव ने कहा कि कार्यकाल बढ़ाने के दौरान यूपी के सीएम योगी बाबा ने प्रशासनिक अधिकारियों के बजाय पंचायत प्रधानों पर भरोसा जताया है और प्रशासक बनाकर बड़ी सौगात दी है। प्रधान प्रतिनिधि श्री यादव ने सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हुए सीएम योगी का आभार जताया है। गांव के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित जरार गांव के प्रधान प्रतिनिधि अरशद खान ने कहा कि यूपी के लोकप्रिय सीएम योगी बाबा ने पंचायत प्रधानों को प्रशासक के रूप में सम्मान देकर न केवल उनका हौसला बढ़ाया है बल्कि विकास कार्यों को और अधिक गति देने का अवसर दिया है। श्री खान ने सरकार के इस निर्णय को बड़ी उपलब्धि बताते हुए योगी सरकार का आभार जताया है। ग्राम पंचायत में उल्लेखनीय विकास और नाली सड़क का जाल बिछाने वाले प्रधान रामधारी बिंद उर्फ कल्लू नेता ने सरकार के फैसले पर बेहद प्रसन्नता जाहिर किया और प्रधानों के हित में लिए गए निर्णय पर सीएम योगी को धन्यवाद देते हुए बधाई दिया है। उन्होंने आगे कहा कि यूपी सरकार प्रधानों पर भरोसा जताकर उन्हें बड़ा सम्मान दिया है। गांव के विकास के लिए निरंतर तत्पर सिड़खिड़ी गांव के प्रधान प्रतिनिधि शिवकुमार शुक्ला ने पंचायत में प्रशासक नियुक्त करने को लेकर बड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव बढ़ने के मद्देनजर यूपी में सत्तासीन सबका साथ और सबका विकास करने वाली भाजपा सरकार द्वारा पहली बार प्रधानों को प्रशासक का दायित्व सौंपकर बड़ा और जनहित में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने सरकार के इस निर्णय को प्रधानों के लिए बड़ा तोहफा बताया और इस गौरवशाली निर्णय के लिए सीएम योगी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य,बृजेश पाठक तथा पंचायत राज्यमंत्री ओम प्रकाश राजभर का आभार जताया है। विकास खंड मेजा के ग्राम पंचायत बरसैता को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले युवा प्रधान प्रतिनिधि विकास कुमार निषाद ने सरकार द्वारा कार्यकाल बढ़ाए जाने और इस दौरान प्रधानों को ही प्रशासक के रूप में जिम्मेदारी मिलने पर सीएम योगी का आभार जताया और सरकार इस महत्वपूर्ण फैसले को ऐतिहासिक फैसला बताया। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से प्रधान खुशी से बेहद गदगद हैं और सरकार के विकसित भारत के सपने साकार करने में अपनी और अधिक भूमिका निभाएंगे। इसी क्रम में विकासशील ग्राम पंचायत भासुंदर खुर्द का कायाकल्प करने का संकल्प के साथ विकास कार्यों को गति देने वाले युवा प्रधान सोनू कुमार पटेल ने जनपद के 14 सौ से अधिक पंचायतों के प्रधानों को प्रशासक बनने पर खुशी जाहर किया है। उन्होंने अब तक के इतिहास में पहली बार सीएम योगी द्वारा लिए इस अभूतपूर्व निर्णय का स्वागत करते हुए सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सरकार के इस निर्णय और बतौर प्रशासक के रूप में दिए गए अधिकार से प्रधान गण विकसित पंचायत बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।


सोनू कुमार पटेल


विकास कुमार निषाद

## घर के अंदर फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**पसना।** प्रयागराज के कोरांव थाना क्षेत्र के पसना ग्राम की भूदान बस्ती में एक 24 वर्षीय युवक ईश्वरदीन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के अंदर फांसी पर लटका मिला। जानकारी के अनुसार, ईश्वरदीन (पुत्र जगभान) मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था। आज सुबह करीब 11 बजे वह मजदूरी कर घर लौटा था। उस समय घर पर उसके पिता मौजूद नहीं थे और मां अपने मायके गई हुई थी। दोपहर में एक पड़ोसी महिला उसे खाना खाने के लिए बुलाने गई। जब आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो महिला ने घर का दरवाजा खोलकर देखा। अंदर ईश्वरदीन फांसी पर लटका हुआ था। पड़ोसी महिला ने तुरंत ग्रामीणों और ईश्वरदीन के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे उसके चचेरे भाई ने शव को फंदे से नीचे उतारा। मृतक के पिता दिव्यांग हैं और ठेलिया चलाकर अपना गुजारा करते हैं। घटना की सूचना मिलने पर कोरांव इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार और हल्का इंचार्ज सेवालाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एम्बुलेंस से कोरांव स्थित अस्पताल भिजवाया। इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सूर्य प्रकाश दुबे के भजनों से भक्तिमय हुआ परमार्थ निकेतन घाट



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज ।** परमार्थ निकेतन घाट पर गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजित भजन संध्या में भक्ति और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला। मुंबई से आए सुप्रसिद्ध भजन गायक एवं प्रयाग गौरव रत्न से सम्मानित सूर्य प्रकाश दुबे ने अपने “राधे-राधे ग्रुप” के साथ ऐसी मनमोहक प्रस्तुति दी कि पूरा घाट भक्तिरस में डूब गया। देर शाम तक श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत सूर्य प्रकाश दुबे ने मां गंगा की वंदना “देवि सुरेश्वरी भगवति गंगे, त्रिभुवन तारिणी तरल तरंगे...” से की। इसके बाद उन्होंने “गंगा तेरा पानी अमृत”, “राम तेरी गंगा मैली हो गई” और “मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है” जैसे लोकप्रिय भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों के दौरान श्रद्धालुओं ने तालियों की गूंज से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे ने कहा कि प्रयागराज की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत पूरे देश के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के बाद प्रयागराज की पहचान वैश्विक स्तर पर और मजबूत हुई है तथा यहां की धार्मिक धरोहरों और सांस्कृतिक आयोजनों का व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रयागराज से उनका विशेष आत्मिक जुड़ाव है और यहां का वातावरण उन्हें बार-बार यहां आने के लिए प्रेरित करता है।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और संगीत प्रेमियों की मौजूदगी रही। आयोजन के अंत में आयोजकों की ओर से सभी कलाकारों, अतिथियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया। गंगा दशहरा पर आयोजित यह भजन संध्या श्रद्धालुओं के लिए आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना का विशेष केंद्र बनी रही।

# हरिहर गंगा आरती समिति का रामघाट,प्रयागराज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सकुशल संपन्न

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** बुधवार को संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से सांस्कृतिक संस्था भोर एक सृजन द्वारा आयोजित गंगा की अविरल यात्रा की भावपूर्ण संगीतमय प्रस्तुति का सफल आयोजन आज 27 मई को सायं 7:00 बजे हरिहर गंगा आरती समिति, रामघाट, प्रयागराज में सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों एवं संगीत प्रेमियों को माँ गंगा की आध्यात्मिक महिमा, सांस्कृतिक चेतना और लोकजीवन की अनुभूतियों से भावविभोर कर दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वी.पी श्रीवास्तव ने की, कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि महेश चंद्र चतुर्वेदी अपर महाधिवक्ता उत्तर प्रदेश, गरिमामई उपस्थति रही रतन चौधरी वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहाबाद, डॉक्टर पी.के सिन्हा पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी, अरुण कुमार गुप्ता,(न्याय मित्र) वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय इलाहबाद एवं विशिष्ट अतिथि प्रमोद द्विवेदी सहायक निदेशक (राज भाषा) एमएनआईटी कार्यक्रम में संरक्षक के रूप में अवधेश चंद गुप्ता, सुरेश चंद्र,सांस्कृतिक स्तंभ में प्रमोद पांडे,लाल यादव,मिठाई लाल अजूज,प्रदीप कुमार साही,एवं अशोक जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। मीडिया प्रभारी का दायित्व नरेंद्र कुमार ने निभाया तथा मंच संचालन उमेश चंद्र शुक्ला द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य स्वर के रूप में आशुतोष श्रीवास्तव ने माँ गंगा पर आधारित गीतों की अत्यंत भावपूर्ण प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। “मन में गंगा, मन में यमुना, मन संगम है जाना पुण्यदायिनी, पापनाशिनी, मैं हूँ गंगा।

लोकतारिणी, दुखहारिणी, मैं हूँ गंगा ,मैं लोक जीवन का गीत लेकर,विकल धरा पर उतर चली हूँ”तथा “गंगा हमको छोड़ कभी मत, इस धरती से जाना” जैसे गीतों ने वातावरण को भक्तिमय एवं भावनात्मक बना दिया। कोरस में श्रेया गुप्ता, रिया एवं निहारिका ने अपनी मधुर स्वर सहभागिता दी। संगीत संयोजन में तबले पर बलराम मिश्रा, ढोलक पर विशाल प्रजापति, कीबोर्ड पर जयंतो बोस, साइड रिदम पर संजय श्रीवास्तव तथा वाराणसी से पधारे बांसुरी वादक शनिश ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से कार्यक्रम को विशेष ऊँचाई प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष शरद चन्द्र श्रीवास्तव एवं संस्था सचिव श्वेता श्रीवास्तव द्वारा सभी अतिथियों, कलाकारों एवं उपस्थित जनसमूह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।“गंगा की अविरल यात्रा” केवल एक सांगीतिक प्रस्तुति नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और प्रकृति के प्रति समर्पण का एक भावपूर्ण प्रयास सिद्ध हुई, जिसकी सराहना उपस्थित सभी दर्शकों ने मुक्त कंठ से की।

# जनगणना ही है हमारी पहचान : अनुराग पांडेय



**मेजा।** जनगणना है हमारी पहचान चौंकिए नहीं यह शब्द किया संन्यासी अथवा साधु महात्मा के नहीं बल्कि दिन रात बिना खाए बिना सोए जनगणना कार्य में लगे मेजा बीआरसी के खारा विरतीया स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुराग पांडेय के हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान एक बहुत ही गहरा विषय है। श्री पांडेय कहते हैं कि सामान्यतः एक व्यक्ति की वास्तविक पहचान उसके परिवार,उसके कर्म, उसकी बोली भाषा और उसके विचारों से बनती है। हम सब अपनी मेहनत और हुनर के बल पर समाज में अपनी एक अनूठी और खास पहचान बनाते हैं। गौरतलब है पूरी मेहनत और ईमानदारी से इन दिनों जनगणना कार्य में तत्पर श्री पांडेय और उनके सहयोगी साथियों का मानना है कि अब जनगणना ही हमारी पहचान है।

# प्रधान से प्रशासक बनाने का सीएम योगी का फैसला है ऐतिहासिक : प.रामकृष्ण त्रिपाठी

वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता ने पंचायत प्रधानों के हित में लिए गए निर्णय का किया स्वागत जताया आभार कहा विकसित भारत के सपने को साकार करने में प्रधानों की भूमिका है बेहद अहम

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के कुशलपुर मांडा निवासी वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता रामकृष्ण त्रिपाठी ने उत्तर प्रदेश में अपने तय समय सीमा पर पंचायत चुनाव न हो पाने और ग्राम पंचायत में प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने पर उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

सरकार के इस फैसला का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारीयो के बजाय उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव अपने पंचायत प्रधानो को ही तय समयानुसार न होने के कारण पंचायतों के विकास के लिए प्रशासक नियुक्त करना जनहित का



एक बड़ा ऐतिहासिक एवं प्रशासनिक निर्णय है इस निर्णय के कारण प्रत्येक गांव में पंचायत एवं सुशासन की व्यवस्था में एक निरंतरता बनी रहेगी,क्योंकि एक ग्राम प्रधान अपनी ग्राम पंचायत के प्रत्येक नागरिक की आकांक्षाओं व जरूरतों को समझते हैं। श्री त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में पंचायत ही सबसे महत्वपूर्ण केंद्र होता है और इस केंद्र के मुख्य भूमिका में वहां के ग्राम पंचायत के प्रधान होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के इस उल्लेखनीय निर्णय से निश्चित रूप से प्रधान भाइयों को मिले इस अधिकार से वे अपनी पूरी निष्ठा व ईमानदारी से विकसित पंचायत बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगे। उन्होंने जनपद प्रयागराज के 1400 से अधिक पंचायतों के प्रधान से प्रशासक बनने पर खुशी जाहिर करते सभी प्रधानों बधाई देते हुए शुभकामनाएं व्यक्त किया है।

## बकरीद के लिए सजकर तैयार बाजार बकरा मंडी में रौनक

**प्रयागराज।** बकरीद (ईद-उल-अजहा) के त्योहार को लेकर हटिया, अटाला, करेली, गौस नगर, नकास कोहान, 60 फीट रोड की बकरा मंडियों में रौनक चरम पर रही है। करेली और हटिया सहित विभिन्न इलाकों में लगी अस्थाई मंडियों में खरीदारों और व्यापारियों की भारी भीड़ रही है। इस बार मंडी में बरबरी, तोतापुरी, राजस्थानी, जमनापारी और मेवाती नस्ल के बकरों की भारी मांग है, जिन्हें देखने और खरीदने के लिए लोग दूर-दूर से पहुंचे। बाजार में बकरों की कीमतें दस हजार से शुरू होकर चार लाख से ऊपर तक की रही हैं। बकरों का वजन, उनकी कद-काठी और उनके शरीर पर बने प्राकृतिक धार्मिक निशान से उनकी कीमत तय हुई। बकरा पर अल्लाह के निशान और चांद तारे निशान वाले बकरे की खासी मांग रही।

**कार्यालय नगर पंचायत शंकरगढ़, प्रयागराज**

पत्रांक ३००/ न०पं०शं / 2026-27 दिनांक- 25.05.2026

**कोटेशन आमंत्रण सूचना**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत शंकरगढ़ जनपद प्रयागराज में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये योग्य अनुभवी फील्ड लेवल कंसल्टेंट (चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट फर्म) को नियुक्त किये जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए इच्छुक चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट फर्मों से कोटेशन आमंत्रित किये जाते है। कार्य विवरण हेतु इच्छुक फर्म नगर पंचायत शंकरगढ़ प्रयागराज से सलाहकारी निर्देश पत्र (टी0आर0ओ0) दिनांक 06.06.2026 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त कर सकते हैं, अथवा विस्तृत जानकारी एवं शर्तें हेतु कार्यालय दिवस में सम्बन्धित विभाग से सम्पर्क कर सकते हैं। कार्य करने हेतु इच्छुक फर्म अपने-अपने तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव अलग-अलग मोहर बन्द लिफाफों में दिनांक 06.06.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक नगर पंचायत शंकरगढ़ प्रयागराज में जमा कर सकतें है।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत शंकरगढ़**
**प्रयागराज**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत शंकरगढ़**
**प्रयागराज**

# दो बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर, दो युवकों की हुई मौत

**अखंड भारत संदेश**

**दुर्घटना में घायल एक युवक का अस्पताल में चल रहा इलाज**



**तिल्हापुर कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के तिल्हापुर गांव के पास बुधवार की दोपहर 11:00 बजे तेज रफ्तार दो बाइक सवार आमने-सामने टकरा गए हैं टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक में सवार लोग सड़क पर गिर पड़े और दोनों बाइक के चालक की घटना स्थल पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना देख कर आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना में मृतक दोनों लोगों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही दुर्घटना में घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही दोनों बाइक सवार के परिवार के लोग घटना स्थल पर पहुंच गए हैं मौके पर कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के फरीदपुर माजरा औंधन गांव निवासी रमेश साहू उम्र 40 वर्ष पुत्र पुत्तन साहू अपने बेटे शिवांश साहू को साथ लेकर बाइक से पुरखास स्थित गैस एजेंसी में सिलेंडर रिफिल करवाने जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार सराय अकिल थाना क्षेत्र के तिल्हापुर गांव स्थित सुंदरलाल द्विवेदी के नलकूप के पास पहुंचे सामने से आ रहे बाइक सवार जय नारायण पाल उम्र 19 वर्ष पुत्र रमेश निवासी बिरनेर की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई दुर्घटना में पिता पुत्र सहित तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े और तड़पने लगे देखते देखते रमेश साहू और जय नारायण पाल की घटनास्थल पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना देखकर आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है इस दुर्घटना में घायल शिवांश साहू को इलाज के लिए अस्पताल में भती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है दुर्घटना के बाद दोनों परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## तपन बढ़ने की अभी और संभावना

**कौशांबी।** आसमान से आग बरस रही है तेज धूप तपन लू के थपेड़े से जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है सड़कों पर निकलना मुश्किल दिखाई पड़ रहा है इसी बीच सचेत ऐप के माध्यम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान कौशांबी जनपद में कई स्थानों पर भीषण गमी पड़ने की संभावना है ऑरेंज अलर्ट की सूचना प्रशासन को प्राप्त हुई है।

## बाइक चोरी के पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ी मोड़ शहजादपुर पुलिस चौकी के समीप से एक बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित जितेंद्र त्रिपाठी के अनुसार, 20 मई की रात करीब डेढ़ बजे उनकी पल्सर बाइक संख्या वढ 73 अए 1990 को अज्ञात चोर उठा ले गए।पीड़ित ने घटना की शिकायत स्थानीय पुलिस से लेकर पुलिस अधीक्षक तक की,लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका है।बाइक चोरी होने से पीड़ित काफी परेशान है और पुलिस से जल्द खुलासे की मांग कर रहा है।क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत और नाराजगी का माहौल बना हुआ है।

# बकरीद के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए पूरामुफ़्ती पुलिस बल ने क्षेत्र भ्रमण किया



**कौशांबी।** प्रयागराज जिले के पूरा मुफ्ती थाना इंस्पेक्टर अविनाश कुमार सिंह के नेतृत्व में पूरामुफ़्ती पुलिस बल ने अति संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया दिनांक 27/05/26 को बकरीद के त्योहार को लेकर मुस्लिम धर्म गुरुओं एवं क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों से मुलाकात कर बातचीत किया गया साथ ही साथ शांति व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई। इंस्पेक्टर अविनाश कुमार सिंह द्वारा पूरामुफ़्ती का चार्ज लेते ही अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध बेहद सख्त रुख अपना रहे हैं। इसी कड़ी में पूरामुफ़्ती पुलिस हटवा गांव निवासी हिष्ट्रीशीटर अपराधी अतीक चंदन के घर दबिश दी गई लेकिन वह घर पर मौजूद नहीं मिला उसके घर वालों को सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस बल हटवा, अहमदपुर असरौली, तिवारी तालाब, मस्जिद तथा ईदगाह का भ्रमण किया गया।

# डंपर ने पिकअप में मारी टक्कर सड़क पर बिखरी सब्जियां, चालक बाल-बाल बचा



**तिल्हापुर मोड़ कौशाम्बी।** मुंडेरा मंडी से सब्जी लादकर पिकअप चालक राजापुर चित्रकूट जा रहा था। बुधवार भोर करीब 4 बजे तिल्हापुर मोड नेवादा रोड़ के सामने से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप में लदी सब्जियां सड़क पर बिखर गईं। गनीमत रही कि पिकअप चालक हादसे में बाल-बाल बच गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने चालक की मदद की और मामले की सूचना पुलिस को दी।स्थानीय लोगों का कहना है कि नेवादा रोड पर तेज रफ्तार भारी ओवरलोड वाहनों का संचालन लगातार हादसों का कारण बन रहा है।पुलिस केवल मामले की जांच में जुटी है।

## पुलिस परिवार के बच्चों हेतु बुक फेयर, समर कैंप एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन

**कौशाम्बी।** अध्यक्षा वामा सारथी शोभा वर्मा एवं एसपी सत्यनारायण प्रजापत की उपस्थिति में पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन कक्ष में पुलिस परिवार के बच्चों के लिए बुक फेयर का आयोजन किया गया।बुक फेयर में बच्चों को रियायती दरों पर ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध कराई गई,जिनमें प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें, कहानी,उपन्यास एवं अन्य शिक्षाप्रद पुस्तकें शामिल रहीं।कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पठन-पाठन के प्रति रुचि विकसित करना एवं ज्ञानवर्धन को प्रोत्साहित करना रहा।इसी क्रम में पुलिस लाइन में आयोजित समर कैंप के अंतर्गत बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं टीम वर्क की भावना विकसित करने हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में बच्चों एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं एकाग्रता बढ़ाने के लिए योग एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही रचनात्मक कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से कलश पेंटिंग एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रशिक्षण के उपरांत पेंटिंग एवं क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया अध्यक्षा वामा सारथी द्वारा बच्चों को पुस्तकें भी वितरित की गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक श्री देव पाल, प्रभारी वेलफेयर शाखा रतन सिंह सहित अन्य अधिकारी,कमर्चारी एवं पुलिस परिवारजन उपस्थित रहे।

# मंझनपुर की सड़कों पर उतरे एसपी सत्य नारायण और एएसपी अमिता सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**बकरीद से पहले पुलिस का सख्त सुरक्षा संदेश**



**कौशाम्बी।** आगामी बकरीद पर्व को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कौशाम्बी पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कमान संभाल ली है। बुधवार शाम पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण स्वयं सड़क पर उतरकर कस्बा मंझनपुर में पैदल गश्त करते नजर आए। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक अमिता सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह भी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों का काफिला जैसे ही कस्बे के प्रमुख बाजारों,भीड़भाड़ वाले इलाकों और संवेदनशील स्थानों से गुजरा, पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की गंभीरता साफ दिखाई दी। एसपी सत्यनारायण ने जगह-जगह रुककर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया और ड्यूटी में लगे पुलिसकमिर्यों को पूरी सतकर्ता के साथ निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। गश्त के दौरान एसपी सत्यनारायण और एएसपी अमिता सिंह ने व्यापारियों, दुकानदारों और आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील करते हुए कहा कि माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर है। पुलिस प्रशासन की सक्रियता और अधिकारियों की मैदान में मौजूदगी से आमजन में विश्वास का माहौल देखने को मिला। वहीं पैदल गश्त ने यह भी साफ कर दिया कि बकरीद के दौरान कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तय है। इस दौरान संबंधित थाना पुलिस सहित भारी पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहा।

## न्यूज झरोखा

### उप जिलाधिकारी ने ग्राम दरियापुर में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण



**कौशांबी** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत एसडीएम चायल अरुण कुमार ने बुधवार को ग्राम दरियापुर में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया।कैम्प में शिकायतकर्ता भोला सिंह की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चकमार्ग की भूमि चिन्हित कर मौके पर ही अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता शंकर सिंह की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा नाली की भूमि चिन्हित कर मौके पर ही अतिक्रमण मुक्त कराया गया।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### जनपद कौशाम्बी के मुकेश त्रिपाठी बनें राष्ट्रवादी जनसंग्रह पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन



**कौशाम्बी।** शिव सेना शिन्दे गुट के पूर्व कौशाम्बी जिला अध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी को राष्ट्रवादी जन संग्रह पाटी के राष्टीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने पाटी में अहम भूमिका और पाटी के उत्थान की जिम्मेदारी देते हुए राष्टीय महासचिव(संगठन) का विशेष स्थान दिया,मुकेश त्रिपाठी ने राष्टीय अध्यक्ष एवं पाटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द ही पाटी का विस्तार आरंभ होगा और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी युद्ध स्तर पर की जाएगी,राष्टीय महासचिव संगठन नियुक्त होने पर मुकेश त्रिपाठी के समथर्को मे खुशी की लहर है और पाटी के राष्टीय विधिक सलाहकर रत्नेश शुक्ला और राष्टीय अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष पाण्डेय तथा जिले के उमाकांत ओझा,विकास मिश्र सत्यम त्रिपाठी,भरत मिश्र,सुशील मिश्र,उपेंद्र गर्ग,शिवम ओझा आदि लोगो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### फैजीपुर पशु सेवा केंद्र में लापरवाही डॉक्टर नदारद

**केंद्र बंद होने का जीपीएस वीडियो वायरल,पशुपालक इलाज को भटक रहे, ग्रामीणों का आरोप घर बैठे तनख्वाह ले रहे हैं डाक्टर**


**कौशांबी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के राजकीय पशु सेवा केंद्र फैजीपुर में पशु पालन विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। केंद्र में तैनात डॉक्टर के लगातार नदारद रहने से पशुपालकों को अपने बीमार पशुओं के इलाज के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। हाल ही में केंद्र बंद होने का जीपीएस लोकेशन वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि ड्यूटी समय में पशु सेवा केंद्र पर ताला लटका है। वीडियो वायरल होने के बाद पशु पालन विभाग की कायर्शैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।स्थानीय ग्रामीणों और पशुपालकों का आरोप है कि केंद्र पर तैनात पशु चिकित्सक महीनों से केंद्र नहीं आ रहे हैं। डॉक्टर घर बैठे ही हर महीने तनख्वाह उठा रहे हैं। पशुओं के बीमार होने पर जब किसान केंद्र पहुंचते हैं तो उन्हें ताला लटका मिलता है। मजबूरी में उन्हें महंगे निजी डॉक्टरों से इलाज कराना पड़ता है।गमी के मौसम में पशुओं में बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। ऐसे में सरकारी केंद्र बंद होने से पशुपालकों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार सूचना देने के बाद भी डॉक्टर मौके पर नहीं पहुंचते। टीकाकरण और कृत्रिम गर्भाधान जैसे जरूरी काम भी ठप पड़े हैं।वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से मामले की जांच कराकर लापरवाह डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार पशुपालकों के लिए योजनाएं चला रही है,लेकिन जमीनी स्तर पर लापरवाही के चलते उनका लाभ नहीं मिल पा रहा।फिलहाल इस पूरे मामले में पशु पालन विभाग के अधिकारियों की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। वीडियो वायरल होने के बाद विभाग में हड़कंप मचा है।


# योगी सरकार पर भारी पड़ गए खनन विभाग और उनके माफिया

**अखंड भारत संदेश**

**किसके संरक्षण में बालू माफियाओं ने जांच टीम का रोका रास्ता चर्चा का विषय**

**कौशाम्बी में यमुना नदी के विभिन्न घाटों से मशीन लगाकर यमुना की जलधारा से माफिया कर रहे हैं अवैध खनन**



**कौशांबी।** जिले में यमुना नदी के विभिन्न बालू घाट से माफियाओं द्वारा बुलडोजर मशीन पोकलैंड मशीन लगाकर यमुना नदी के बीच जलधारा से बालू का खुलेआम खनन किया जा रहा है यमुना नदी की जलधारा से खनन किए जाने पर खनन अधिकारी रोक नहीं लगा पा रहे हैं अवैध बालू खनन के मामले को शासन ने संज्ञान लिया और बालू के अवैध खनन को रोकने के लिए शासन ने कौशांबी में टीम भेजी लेकिन बालू के अवैध खनन की जांच करने के लिए टीम को यमुना नदी के घाटों तक नहीं पहुंचने दिया गया है ट्रक और डंपर लगाकर जांच टीम का रास्ता रोक दिया है जिससे बालू के अवैध खनन की जांच नहीं हो सकी है और माफियाओं द्वारा यमुना नदी की जलधारा से पोकलैंड मशीन जेसीबी मशीन लगाकर लगातार भालू का खनन किया जा रहा है।

अब सवाल उठता है कि बालू माफियाओं को इतना संरक्षण देने वाला कौन है जिससे शासन द्वारा भेजी गई जांच टीम जांच पूरी नहीं कर सकी है और अवैध खनन पूरी तरह से हो रहा है शासन की टीम को यमुना नदी के घाट तक जाने से माफियाओं के रोकने के पीछे खनन अधिकारी की भी भूमिका सवालों के घेरे में है पूरे वर्ष खनन अधिकारी बालू खनन को नहीं रोकते हैं और जब शासन की टीम बालू के अवैध खनन की जांच करने पहुंची तो उसका रास्ता रोक दिया गया है खनन अधिकारी और बालू माफियाओं के गहरे रिश्ते हैं पूरे दिन खनन विभाग में बालू माफियाओं का जमावड़ा लगाया रहता है जिसका प्रमाण विभाग में लगे सीसीटीवी कैमरा कर रहा है बालू माफियाओं के संरक्षण के चलते बीते दिनों होमगार्ड से विभाग में विवाद भी हुआ था जिसका मंझनपुर कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज हुआ है बालू के अवैध खनन पर माफियाओं का कब्जा इस कदर हावी है कि जिम्मेदार अधिकारी भी बेबस नजर आ रहे हैं। ताजा मामला मंझनपुर तहसील के कटैया घाट का है,जहाँ जांच करने पहुंची खनन विभाग की टीम को माफियाओं ने रास्ते में ही रोक दिया। टीम को बिना जांच किए बैरंग लौटना पड़ा। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जानकारी के मुताबिक खनन अधिकारी कटैया घाट के खंड संख्या 10/19 से 10/21 में अवैध खनन की शिकायत पर जांच करने पहुंचे थे। आरोप है कि जैसे ही टीम घाट की तरफ बढ़ी,रास्ते में पहले से डंपर ट्रक खड़ा कर रास्ता बंद कर दिया गया।आरोप है कि सत्ता पोषित माफिया मनीष ओझा ने अपने लोगों के साथ रास्ते में डंपर ट्रक लगवाकर जांच टीम को रोक दिया। मनीष ओझा को पट्टा धारक विजय कुमार सिंह का प्रतिनिधि बताया जाता है। रास्ता रोकने के बाद मनीष ओझा ने अपने गुर्गे फरीद बाबा को समथर्को के साथ मौके पर बुला लिया।आरोप है कि जांच टीम पर दबाव बनाने के लिए मौके पर दजर्नों गुंडों को उतार दिया गया। अधिकारी की गाड़ी के आसपास घंटों तक दबंगों का जमावड़ा लगा रहा। नारेबाजी और हंगामे के बीच तमाम कोशिशों के बाद भी टीम को घाट तक नहीं जाने दिया गया। आखिर कार अधिकारियों को बिना जांच किए ही वापस लौटना पड़ा। इस घटना के बाद कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर खनन माफियाओं को संरक्षण कौन दे रहा है? क्या जिले में प्रशासन का खौफ पूरी तरह खत्म हो चुका है? या फिर सरकारी सिस्टम में ही माफियाओं की गहरी पैठ हो चुकी है? घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जब अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम जनता का क्या होगा। विपक्षी दलों ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

फिलहाल इस मामले में प्रशासन की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सूत्रों के मुताबिक शासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए डीएम से रिपोर्ट तलब की है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है की शासन द्वारा भेजी गई जांच टीम की गोपनीयता के रास्ते को बालू माफिया तक पहुंचने वाला खनन विभाग का विभीषण कौन है जिसने जांच टीम के लोकेशन की गोपनीयता को भंग किया है जिससे शासन भी जांच करने में सफल नहीं हो सका है।

# देश के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा दिए गए योगदान को आज भी याद कर रही है करोड़ों जानता : कांग्रेस

**अखंड भारत संदेश**




**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि के मौके पर पहले उनकी छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया इसके पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें उनके द्वारा किए गए महान कार्यों का स्मरण किया गया इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि पण्डित जवाहर लाल नेहरू जी आधुनिक आत्मनिर्भर लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में स्थापित करना था वह स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री और आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई और बाद में देश के औद्योगिक, वैज्ञानिक, शैक्षणिक एवं संस्थागत विकास की मजबूत नींव रखी।उन्होंने देश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और आईआईएम भारतीय प्रबंधन संस्थान जैसे विश्व स्तरीय संस्थानों की नींव रखी। कार्यक्रम में मुख्य रूप जिला उपाध्यक्ष उदय यादव,जिला महासचिव सुरेन्द्र शुक्ला शशि त्रिपाठी, जिला सचिव हेमन्त कुमार रावत, सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, ब्लाक अध्यक्ष रावेंद्र यादव, रमेश यादव, गोलू जायसवाल, सचिन दिवाकर, ज्ञान बाबू दिवाकर, कल्लू रैदास, मोहमद अल्ताफ, उबैद अहमद, साकेत मिश्रा, अजय गोस्वामी, नोखे लाल यादव विकास पाल,सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# करारी के गुवारा तैयबपुर में गर्भवती महिला समेत तीन से मारपीट वीडियो वायरल

**अखंड भारत संदेश**

**पीड़िता का आरोप- दबंगों ने बाल पकड़कर पटका,पुलिस ने उल्टा पीड़ित पक्ष का ही किया 151 में चालान**

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के गुवारा तैयबपुर गांव में घरेलू विवाद के दौरान गर्भवती महिला समेत तीन लोगों के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं।पीड़िता शमा बानो का आरोप है कि घरेलू विवाद को लेकर गांव के ही दबंगों ने उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया और लाठी-डंडों से जमकर पीटा। शोर सुनकर बचाने पहुंचे पति सोन्ने और भतीजे मोहम्मद आसिम को भी आरोपियों ने नहीं बख्शा और उनकी भी पिटाई कर दी।मारपीट का वीडियो किसी ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में दबंगों की बेरहमी साफ नजर आ रही है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की कायर्शैली पर सवाल उठने लगे हैं। पीड़िता शमा बानो का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। लेकिन करारी पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उल्टा उसके पति सोन्ने,भतीजे मोहम्मद आसिम,पत्नी और जेठ का ही धारा 151 में चालान कर दिया। इससे पीड़ित परिवार और परेशान है गर्भवती शमा बानो ने एसपी कौशांबी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उसका कहना है कि दबंग खुलेआम घूम रहे हैं और पुलिस पीड़ितों पर ही कार्रवाई कर रही है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और जान-माल की सुरक्षा की मांग की है।इस संबंध में करारी थाना पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में है। दोनों पक्षों में विवाद हुआ था वीडियो और तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के बाद दोषियों पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है व्यापारियों की सुरक्षा : एएसपी






**कौशाम्बी।** जनपद के व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में व्यापारी सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी अमिता सिंह ने की। बैठक में जिले के विभिन्न थाना व पुलिस चौकी क्षेत्रों के सर्राफा व्यापारियों, उद्योगपतियों,मार्केट एसोसिएशन पदाधिकारियों एवं स्थानीय व्यापारियों ने भाग लिया। एएसपी अमिता सिंह ने व्यापारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत करने के निर्देश दिए। एएसपी अमिता सिंह ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बाजारों और प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने,रात्रि गश्त बढ़ाने,पुलिस-व्यापारी समन्वय को और प्रभावी बनाने तथा हेल्पलाइन नंबरों के अधिकाधिक उपयोग पर विशेष जोर दिया।उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि,अराजक तत्व या आपात स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को दें,ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।गोष्ठी के दौरान व्यापारियों ने भी पुलिस की पहल की सराहना करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव साझा किए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

### कॉकरोच जनता पार्टी का असल मकसद

**देश** में एक बार फिर २०११ वाला माहौल बनता हुआ दिख रहा है। तत्कालीन यूपीए सरकार के खिलाफ अन्ना हजारे ने लोकपाल आंदोलन शुरू किया था। इंडिया अगेंस्ट करप्शन के बैनर तले महंगाई, भ्रष्टाचार के कथित मामले, स्त्री सुरक्षा आदि पर एकदम से गुस्सा सतह पर दिखने लगा था। अब वैसी ही नाराजगी इस समय भी सरकार के खिलाफ दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया पर भी एक नयी मुहिम चल पड़ी है, जिसे कॉकरोच जनता पार्टी नाम दिया गया है। दरअसल बीते दिनों भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एक वकील की याचिका पर सुनवाई के दौरान बेरोजगार युवकों का जिक्र करते हुए कॉकरोच वाली टिप्पणी की थी, जिस पर काफी नकारात्मक प्रतिक्रियाएं आईं और आलोचना इतनी बढ़ गई कि मुख्य न्यायाधीश को स्पष्टीकरण देना पड़ा कि उन्होंने नौजवानों के लिए ऐसा नहीं कहा था। बहरहाल, उनका इरादा जो भी रहा हो, लेकिन किसी की भी तुलना कॉकरोच से किए जाने पर समाज में नाराजगी देखी गई, जो स्वाभाविक है। इसी नाराजगी के चलते व्यंग्य करने की तर्ज पर अमेरिका के बोस्टन में पढ़ रहे अभिजीत दीपके ने कॉकरोच जनता पार्टी नाम का आंदोलन सोशल मीडिया पर खड़ा किया, जिसकी अब चारों तरफ चर्चा हो रही है। विपक्ष के कई बड़े नेताओं ने इस आंदोलन से खुद को जोड़ा। इंटरनेट पर कॉकरोच के मीम वायरल होने लगे। दिल्ली में यमुना नदी को साफ करने कुछ स्वयंसेवी आगे आए तो उन्होंने कॉकरोच की पोशाक पहनी। तुम राष्ट्रवादी कॉकरोच हो, या राष्ट्रविरोधी। पाकिस्तानी कॉकरोच हो या हिंदुस्तानी, ऐसे कार्टून बनने लगे। बहुत सारे एआई जनरेटेड वीडियो बने, जिसमें कहीं मेलोडी चॉकलेट को कॉकरोच कुतर रहे हैं, कहीं भ्रष्ट हो चुकी संस्थाओं पर हमला कर रहे हैं। गरज यह कि कॉकरोच इस समय भारतीय राजनीति का अहम किरदार बन गया है। लेकिन २०११ और २०२६ के माहौल में सबसे बड़ा फर्क यही है कि इस वक्त नरेन्द्र मोदी को सत्ता से हटाने की कोई मुहिम नहीं चल रही है। अन्ना आंदोलन का प्रत्यक्ष मकसद तो भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने और व्यवस्था सुधारने के लिए लोकपाल को लाना था, लेकिन छिपा हुआ मकसद यही था कि किसी तरह कांग्रेस को सत्ता से दूर किया जाए। मगर अब जो सरकार से नाराजगी सोशल मीडिया के जरिए व्यक्त हो रही है, उसमें सवाल उठ रहे हैं कि क्या उसका भी मकसद कांग्रेस की बढ़ती ताकत को ही खत्म करना है। क्या कांग्रेस से खुद को बचाने के लिए भाजपा ने फिर कोई नया मुखौटा तैयार कर लिया है। क्योंकि भाजपा में भी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को लेकर दो फाड़ दिख रही है। निशिकांत दुबे और किरण रिजीजू जैसे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आरोप है कि सोशल मीडिया पर उभरे इस ट्रेंड के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ है, जिसका मकसद भारत को अस्थिर करना है। किरण रिजीजू ने लिखा, 'मुझे उन लोगों पर तरस आता है जो सोशल मीडिया पर पाकिस्तान और जॉर्ज सोरोस गैंग से अपने फॉलोअर्स तलाशते हैं। भारत के पास अपनी पर्याप्त आबादी और अत्यधिक ऊजार्वान युवा हैं, जो वास्तविक और मूल्यवान फॉलोअर्स बन सकते हैं!


# यह कैसा समाज है, जिसमें अदालतें समझाएं रिश्तों का धर्म

-: ललित गर्ग:-

**किसी** भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी ऊँची इमारतों, चमकती सड़कों, आर्थिक प्रगति या तकनीकी उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों, माता-पिता और निर्बल वर्ग के प्रति कितना संवेदनशील है। लेकिन आज का सबसे पीड़ादायक प्रश्न यही है कि जिस भारत ने ह्लमातृ देवो भवः, पितृ देवो भवःह्व का उद्घोष किया, जिस धरती से ह्लवसुधैव कुटुम्बकम्ह्व का विचार पूरी दुनिया में पहुँचा, उसी भूमि पर आज माता-पिता को अपने ही घर में सम्मान और आश्रय पाने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। हाल के वर्षों में देश की अदालतों में ऐसे मामलों की संख्या बढ़ी है, जहाँ वृद्ध माता-पिता को अपने ही बच्चों से संरक्षण, भरण-पोषण, रहने की व्यवस्था और संपत्ति पर अधिकार के लिए न्यायिक हस्तक्षेप लेना पड़ा। कहीं बेटे को अदालत यह निर्देश दे रही है कि वह अपनी वृद्ध मां को घर में एक कमरा, अलग स्नानघर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए, तो कहीं दुर्व्यवहार करने वाली संतान को माता-पिता की संपत्ति से बेदखल करने के आदेश दिए जा रहे हैं। यह केवल कानूनी घटनाएँ नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक और नैतिक पतन की वे चेतावनियाँ हैं जो भविष्य के भारत की तस्वीर पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही हैं।

वास्तव में यह अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि जिस मां ने नौ महीने गर्भ में रखकर संतान को जीवन दिया, जिसने अपना रक्त, ममता और त्याग देकर उसे पाला, उसी मां को अपने ही घर में रहने के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़े। जिस पिता ने अपने पसीने और परिश्रम से घर बनाया, बच्चों का भविष्य संवारा, वृद्धावस्था में उसी घर में उसके अधिकार के लिए अदालत को हस्तक्षेप करना पड़े, यह स्थिति केवल व्यक्तिगत कृतघ्नता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनाओं के क्षरण का प्रमाण है। यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आर्थिक विकास, डिजिटल क्रांति, स्मार्ट शहर, वैश्विक नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की बातें हो रही हैं। लेकिन यदि घर के किसी कोने में बैठे वृद्ध माता-पिता अकेलेपन, उपेक्षा और अपमान का जीवन जी रहे हों, तो क्या यह विकास पूर्ण माना जा सकता है? यदि हमारे बुजुर्ग अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी दूसरों पर निर्भर और उपेक्षित हो जाएँ, तो हमारी सारी उपलब्धियाँ खोखली प्रतीत होती हैं।

आज की सबसे बड़ी चुनौती केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक निर्धनता की है। नई पीढ़ी का एक बड़ा वर्ग आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। भौतिक उपलब्धियाँ, कैरियर, उपभोगवाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अवधारणाएँ जीवन के केंद्र में आ गई हैं। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, रिश्तों की ऊष्मा कम हो रही है और संवाद का स्थान डिजिटल माध्यम ले रहे हैं। परिणामतः बुजुर्गों का जीवन अकेलेपन, अवसाद और असुरक्षा का पर्याय बनता जा रहा है। यह सच है कि महानगरीय जीवन की अपनी कठिनाइयाँ हैं। रोजगार, समयाभाव, आर्थिक दबाव और बदलती जीवनशैली ने नई पीढ़ी की चुनौतियाँ बढ़ाई हैं। लेकिन इन कठिनाइयों के बावजूद माता-पिता के प्रति दायित्व समाप्त नहीं हो सकते। भारतीय संस्कृति में माता-पिता की सेवा केवल सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन-मूल्य रही है। श्रवण कुमार का आदर्श केवल कथा नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का हिस्सा है।




दुर्भाग्य यह है कि आज संपत्ति और स्वार्थ ने अनेक संबंधों को प्रभावित किया है। अखबारों में आए दिन ऐसे समाचार दिखाई देते हैं जिनमें संपत्ति के लिए माता-पिता को प्रताड़ित किया जाता है, घर से निकाला जाता है, मानसिक यातना दी जाती है या उनकी उपेक्षा की जाती है। अनेक वृद्धाश्रम ऐसे माता-पिता से भरे पड़े हैं जिनकी सबसे बड़ी ह्लगलतीह्व केवल यह थी कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी बच्चों के लिए समर्पित कर दी। यदि यह प्रवृत्ति यूँ ही बढ़ती रही तो भारत भी उस दिशा में बढ़ सकता है जहाँ पश्चिमी देशों की तरह माता-पिता और संतान के संबंध केवल कानूनी और औपचारिक होकर रह जाएँ। पश्चिमी समाज में अनेक माता-पिता प्रारंभ से ही बच्चों को आत्मनिर्भर बना देते हैं क्योंकि वे भविष्य में उनसे देखभाल की अपेक्षा नहीं रखते। लेकिन भारतीय समाज का आधार इससे भिन्न रहा है। यहाँ परिवार केवल जैविक इकाई नहीं, बल्कि भावनात्मक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संस्था रहा है।

यह भी स्मरणीय है कि देश में वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 जैसे कानून बनाए गए हैं ताकि वृद्ध माता-पिता के अधिकारों की रक्षा हो सके। न्यायालयों ने अनेक अवसरों पर माता-पिता के संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित रखा है और दुर्व्यवहार करने वाली संतानों के विरुद्ध कठोर टिप्पणियाँ भी की हैं। लेकिन कानून केवल सुरक्षा दे सकता है, संवेदना नहीं। अदालतें कमरे दिला सकती हैं, सम्मान नहीं, भरण-पोषण का आदेश दे सकती हैं, लेकिन ममता और अपनत्व नहीं लौटा सकतीं। यही कारण है कि समाधान केवल कानूनी नहीं, सामाजिक और सांस्कृतिक होना चाहिए। परिवारों में संस्कारों की पुनर्स्थापना आवश्यक है। बच्चों को केवल उच्च शिक्षा और आधुनिक सुविधाएँ देना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें मानवीय मूल्य भी देना होंगे। विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को परिवार, सेवा, कृतज्ञता और बुजुर्ग सम्मान जैसे विषयों पर गंभीर पहल करनी चाहिए।

आज आवश्यकता है कि विकसित भारत 2047 की अवधारणा में ह्लवृद्ध सम्मानह्व को भी एक महत्वपूर्ण सूचक बनाया जाए। जिस देश में बुजुर्ग सुरक्षित, सम्मानित और संतुष्ट होंगे, वही वास्तव में विकसित कहा जा सकेगा। हमें ऐसी नीतियाँ बनानी होंगी जिनमें वृद्धजन कल्याण, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और भावनात्मक सहयोग को प्राथमिकता मिले। साथ ही परिवारों को यह समझना होगा कि माता-पिता केवल जिम्मेदारी नहीं, हमारी जड़ें हैं। जिस वृक्ष की जड़ें सूख जाएँ, उसकी शाखाएँ अधिक समय तक हरी नहीं रह सकतीं। माता-पिता की उपेक्षा केवल एक व्यक्ति की नहीं, पूरी पीढ़ी की नैतिक पराजय है। यह भी विचारणीय है कि जो संतान आज अपने माता-पिता के साथ व्यवहार कर रही है, वही व्यवहार भविष्य में उसके हिस्से भी आ सकता है। बच्चे केवल उपदेश से नहीं, व्यवहार से सीखते हैं। यदि वे अपने माता-पिता को बुजुर्गों की उपेक्षा करते देखेंगे तो वही संस्कार आगे बढ़ेंगे।

आज आवश्यकता अदालतों के आदेशों से अधिक अंतःकरण के जागरण की है। रिश्तों की मर्यादाएँ, गरिमा और दायित्व यदि न्यायालयों को समझाने पड़ें तो यह केवल कानूनी संकट नहीं, बल्कि सभ्यता का संकट है। यह समय आत्ममंथन का है कि क्या हम तकनीकी रूप से आधुनिक होते-होते मानवीय रूप से निर्धन होते जा रहे हैं? भारत की पहचान उसकी संवेदनशीलता रही है। यदि हम इस संवेदनशीलता को बचा सके, तभी विकसित भारत का स्वप्न सार्थक होगा। अन्यथा ऊँची उपलब्धियों और भव्य योजनाओं के बीच भी हमारे घरों के किसी कोने में बैठा एक उपेक्षित वृद्ध हमारी समस्त प्रगति पर मौन प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा रहेगा। अंततः याद रखना होगा-विरासत संपत्ति नहीं, संस्कार होते हैं, विकास इमारतों से नहीं, रिश्तों से मापा जाता है और वह समाज कभी महान नहीं कहलाता जहाँ माता-पिता को अपने अधिकार के लिए अदालतों में खड़ा होना पड़े।

# गोदी मीडिया का विकल्प यू ट्यूब और सोशल मीडिया

शकील अख्तर

**सोचिए** अगर आज मीडिया निष्पक्ष होता तो २२ लाख नीट के परीक्षार्थियों का दर्द घर-घर सुनाया जाता होता। मगर वह कहानी कहीं नहीं है बल्कि उसे इग्नोर करने और ऐसे ही जनता से जुड़े दूसरे मुद्दे गैस तेल की ८ दिन में तीन बार बढ़ा दी गई कीमतों का सवाल चर्चा का विषय नहीं है बल्कि कॉकरोच पार्टी कैसे इस सरकार के खिलाफ खड़ी हो गई है सब जगह इसकी बातें हैं।


जब बीजेपी विपक्ष में थी तब भी अखबारों में उसे ही प्राथमिकता दी जाती थी। इसके लिए नई-नई अवधारणाएं लाई जाती थीं। सरकार की खबरों के लिए कहा जाता था यह तो सरकारी विज्ञापन हैं। कांग्रेस की खबरों के लिए कहा जाता था अंदर की निकाल कर लाओ। क्या झगड़ा चल रहा है आपस में!

अब बीजेपी सत्ता में है तो खबरों में वो ही वो है। कांग्रेस और विपक्ष के लिए अभी भी वही कहा जाता है कि अंदर क्या चल रहा है वह बताओ। मतलब उनकी कमियां बताओ।

भारतीय पत्रकारिता में भाजपा पवित्र पार्टी के रूप में है। उसके नेता सोच ही नहीं सकते कि कोई उनके खिलाफ भी लिख सकता है। अटलबिहारी वाजपेयी जिन्हें उदार नेता के तौर पर पेश किया जाता जिन्दगी भर हमसे इस बात पर नाराज रहे कि हमने १९८४ में ग्वालियर लोकसभा चुनाव में यह क्यों लिख दिया था कि माधवराव सिंधिया भारी पड़ रहे हैं।

सिंधिया को अचानक ग्वालियर लाया गया था। पहले दिन ही जब वे निकले और इसे जनदर्शन नहीं महाराज दर्शन कहा गया और उन्हें देखने के लिए जिस तरह भीड़ उमड़ी लोग एक के ऊपर गिरे उसने चुनाव का नतीजा काफी हद तक बता दिया था। और उसके बारे में संकेतों में ही लिखने से वाजपेयी जी की समझ में सब आ गया था। मगर बीजेपी हमेशा से मानती रही है कि मीडिया उन दिनों प्रेस कहते थे उसके लिए है।

वाजपेयी जी ने चुनाव नतीजों के बाद कहा कि आपने तो पहले ही हरवा दिया था। पत्रकार न पहले किसी को पहले जितवा-हरवा सकते थे न आज हैं। मगर आज वे झूठे नरेटिव (कहानी) को आगे बढ़ाकर सच को जनता तक पहुंचाने में काफी हद तक जरूर रोक सकते हैं। लेकिन शर्त यह है कि वह नैरेटिव बीजेपी का होना चाहिए। कांग्रेस या विपक्ष का सच भी वे लोगों तक नहीं पहुंचने देते हैं।



आज कांग्रेस और विपक्ष बहुत सारे मुद्दों पर काम कर रही है। मगर सबसे जरूरी चीज मीडिया पर उसका ध्यान बिल्कुल नहीं है।

सोचिए अगर आज मीडिया निष्पक्ष होता तो २२ लाख नीट के परीक्षार्थियों का दर्द घर-घर सुनाया जाता होता। मगर वह कहानी कहीं नहीं है बल्कि उसे इग्नोर करने और ऐसे ही जनता से जुड़े दूसरे मुद्दे गैस तेल की ८ दिन में तीन बार बढ़ा दी गई कीमतों का सवाल चर्चा का विषय नहीं है बल्कि कॉकरोच पार्टी कैसे इस सरकार के खिलाफ खड़ी हो गई है सब जगह इसकी बातें हैं।

मीडिया को मालूम है। सबको मालूम है कि प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लोगों में गुस्सा बढ़ रहा है। देश की आर्थिक स्थिति बहुत खराब मोड़ पर है। उसे पटरी पर लाने का मोदी के पास न कोई प्लान है न वह इसकी कोई जरूरत महसूस करते हैं। वह तो जो हो रहा है उसका फायदा मीडिया के जरिए कैसे उठा लें बस इसकी ही सोच रखते हैं। विपक्ष को यह समझना पड़ेगा कि मीडिया अब निर्णायक भूमिका में है लेकिन निष्पक्ष भूमिका में नहीं। प्रेसिडेन्ट ट्रंप जब भारत को नरककुंड कहकर देश को नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं तो वह राष्ट्रवाद भूल जाता है। लेकिन जब राहुल कहते हैं कि आर्थिक स्थिति बहुत गंभीर है। मोदी एक साल में चले जाएंगे तो मीडिया भाजपा के इस नैरेटिव को चलाना शुरू कर देती है कि यह देश विरोधी बयान है। मोदी और देश को एक कर देती है। और जब ट्रंप सीधा देश के खिलाफ बयान देते हैं और मोदी चुप रहते हैं तो वह नैरेटिव चेंज करने में लग जाती है। जनता द्वारा इसीलिए उसे नफरत से गोदी मीडिया कहा जाता है। वह इन १२ सालों में जनता पर कैसी भी परेशानी आई उसके साथ खड़ा नहीं हुआ है कोरोना जैसी महामारी में भी। नोटबंदी, बेरोजगारी, महंगाई किसी में नहीं।

कांग्रेस बताती है कि इस दौरान राहुल गांधी ने १२९ प्रेस कान्फ्रेंस कीं। और मोदी विदेश में एक सवाल का जवाब भी नहीं दे पाए। लेकिन फिर भी मीडिया के निशाने पर राहुल ही हैं। मीडिया का क्लास करेक्टर तो भाजपा वाला है ही। दक्षिणपंथी, दकियानूसी, गरीब विरोधी, सेठ समर्थक मगर इन दिनों भय भी एक बड़ा कारण बन गया है।

मीडिया को नौकरी जाने का डर। अभी मेरठ में एक पत्रकार राजेश अवस्थी ने नौकरी न होने के कारण आत्महत्या कर ली। नौकरी ठेके की हैं। जब सेना में ठेके पर भर्ती होने लगी है तो मीडिया क्या है? यहां भी एक साल, दो साल ज्यादा से ज्यादा तीन साल के एग्रीमेन्ट होते हैं। और उस एग्रीमेंन्ट का भी कोई महत्व नहीं है चाहे जब निकाला जा सकता है। सरकार ने इस भय को और बढ़ा रखा है। मामला मुकदमा कभी भी किसी पर हो सकता है। तो इस डर में और विचारधारा से उनका समर्थक भी होने के कारण यह मीडिया जनसमर्थक नहीं हो पा रहा। जनता रो रही है और मीडिया को इसमें मोदी मोदी सुनाई दे रहा है।

लेकिन क्या विपक्ष के पास और कोई विकल्प नहीं हैं। विकल्प बहुत हैं मगर विपक्ष उनका उपयोग करने का इनिशेटिव नहीं ले पा रहा। वह उस होस्टाइल मीडिया पर ही दांव खेलने की कोशिश फिर-फिर करता है जो उसे कभी जीतने ही नहीं दे सकती। उसका ध्यान कभी उस जनसमर्थक मीडिया की तरफ नहीं जाता जो लगातार जनता की आवाज उठाती रहती है। भारत में यूट्यूब पर समाचार देखने वालों की संख्या लगभग ५२ करोड़ है। और इसमें सबसे ज्यादा युवा। जिसे आगे आने का आह्वान ही विपक्ष करता रहता है। २५ से लेकर ३५ साल तक का युवा। बेरोजगारी, पेपर लीक का शिकार भी यही है। और करीब इतने ही ५० करोड़ से ऊपर सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। यह दोनों माध्यम आज की तारीख में सबसे ताकतवर हैं। समाचार संग्रह

अभी जिस कॉकरोच जनता पार्टी ने प्याले में तूफान पैदा किया वह सोशल मीडिया के जरिए ही किया। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा (पार्ट वन) इसी सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनलों से गांव-गांव तक पहुंची। यह जो २४० पर रोक दिया था मोदी को यह गोदी मीडिया से लड़ते हुए यूट्यूब चैनलों और सोशल मीडिया का कमाल था। सब टीवी चैनल एक खबर दिखा रहे हों, अखबार लिख रहे हों मगर सोशल मीडिया के एक विश्वसनीय हेंडल पर अगर उस संबंध में दूसरा तथ्यात्मक पहलू आ जाए तो जनता सोशल मीडिया को विश्वास करती है।

राहुल लोकसभा में बोल रहे थे कहा कि खुद को हिन्दू कहते हैं और चौबीस घंटे हिंसा और नफरत फैलाते हैं। मोदी पहली बार हस्तक्षेप करने को उठे। कहा कि यह पूरे हिन्दू समाज को हिंसा और नफरत फैलाने वाला बता रहे हैं।

राहुल ने तगड़ा प्रतिवाद किया कि हिन्दू समाज नहीं भाजपा और आरएसएस। हिन्दू मैं भी हूं। भाजपा और संघ पूरा हिन्दू समाज नहीं है। मैं भाजपा और संघ के लिए बोल रहा हूं।

सरकार और मीडिया ने राहुल को हिन्दू विरोधी साबित करने में पूरी ताकत लगा दी। मगर उसी समय सच की ताकत दिखी। प्रेस गैलरी में बैठे कुछ पत्रकारों ने सही परिप्रेक्ष्य में राहुल का बयान यू ट्यूब और सोशल मीडिया पर रख दिया।

साफ था कि राहुल संघ और भाजपा के लिए बोल रहे थे। मगर उसे पेश पूरे हिन्दू समाज के खिलाफ करने की कोशिश हुई। अगर वह हो जाता तो मोदी राहुल की राजनीति उसी दिन खत्म कर देते। लेकिन राहुल ने भी सही समय पर पूरी ताकत से वहीं मोदी की बात का प्रतिवाद किया और अपनी बात सही तरीके से रखी। और सदन के बाहर भी वह फिर सही तरीके से आई। राहुल की ऐसी कोशिशों का तो जवाब ही नहीं है। मगर उन्हें सामने आना जरूरी है। वह कैसे आएंगी यह कांग्रेस को सोचना है।

## बिजली संकट पर सपा का प्रदर्शन, विभाग को 10 दिन का अल्टीमेटम




**सुलतानपुर। भीषण** गर्मी के बीच जारी अघोषित बिजली कटौती और स्मार्ट मीटरों की समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने बुधवार को जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक एवं सपा प्रवक्ता अनूप संडा के नेतृत्व में सपाइयों ने शहर के डाकखाना उपकेंद्र और अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव कर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में तय रोस्टर के बावजूद लगातार बिजली काटी जा रही है,जिससे आम जनता बेहाल है। प्रदर्शन के दौरान विभाग को 10 दिन के भीतर व्यवस्था सुधारने का अल्टीमेटम देते हुए ज्ञापन सौंपा गया।पूर्व विधायक अनूप संडा ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं की बिजली बिना सूचना काटी जा रही थी।

## कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई पंडित नेहरू की पुण्यतिथि



**सुल्तानपुर। जिला** कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बुधवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के शिल्पकार पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि चाचा नेहरू ने देश को लोकतंत्र, शिक्षा और वैज्ञानिक सोच की मजबूत नींव दी। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को नेहरू जी के विचारों और उनके बताए मार्ग से प्रेरणा लेने की जरूरत है।वरिष्ठ नेता प्रमोद मिश्रा ने कहा कि पंडित नेहरू ने स्वतंत्र भारत को आधुनिक और आत्मनिर्भर बनाने का सपना देखा था। उनका योगदान देश कभी नहीं भूल सकता। वहीं वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी ने कहा कि नेहरू जी ने भाईचारा, लोकतंत्र और विकास की राजनीति को मजबूती दी, जो आज भी कांग्रेस कार्यकताओं के लिए प्रेरणा है।कार्यक्रम के दौरान चाचा नेहरू अमर रहें के नारों के साथ कार्यकताओं ने उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। इस मौके पर सलाहुद्दीन हाशमी, रणजीत सिंह सलूजा, हौसला प्रसाद भीम, मोहित तिवारी, ममनून आलम, राम किशोर, अवधेश गौतम, अजय मिश्रा, विनोद तिवारी, महेश नारायण दूबे, विनय वर्मा, रोहित कुमार, धर्मेंद्र पाठक।

## निर्धारित समय से पूर्व मकान गणना कार्य पूर्ण करने पर 2 प्रगणक हुए सम्मानित,चार्ज अधिकारी ने दिया प्रशस्ति पत्र



**सुलतानपुर-जनगणना चार्ज बल्दीराय** के अंतर्गत मकान गणना कार्य को समयबद्ध और सफलतापूर्वक पूरा करने वाले दो प्रगणकों कृष्ण कुमार सिंह एवं अमरेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया। दोनों प्रगणकों ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करते हुए सबसे पहले मकान गणना का कार्य पूर्ण किया। उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए तहसीलदार बल्दीराय अरविंद तिवारी ने प्रमाण प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

बताया गया कि यह कार्य सुपरवाइजर बृजेश कुमार त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में समयबद्धता और सटीकता बनाए रखना बड़ी चुनौती होती है, जिसे दोनों प्रगणकों ने पूरी मेहनत और लगन से पूरा किया।इस अवसर पर तहसीलदार अरविंद तिवारी ने कहा कि जनगणना कार्य देश की विकास योजनाओं का आधार होता है। ऐसे में जिम्मेदारी के साथ कार्य करने वाले कर्मचारियों का सम्मान अन्य कर्मियों के लिए प्रेरणा का कार्य करता है।

# मानिकपुर में जल संकट पर गरजे सीडीओ अनुपस्थित सचिव का वेतन रोकने के निर्देश

- 24 घंटे में पानी नहीं तो कार्रवाई तय
- ग्राम पंचायतों में पेयजल आपूर्ति पर समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश



समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** भीषण गर्मी और बढ़ते जल संकट के बीच कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री डीपी पाल का सख्त प्रशासनिक तेवर देखने को मिला। मानिकपुर तहसील की ग्राम पंचायतों में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खराब पड़े हैंडपंपों को 24 घंटे के भीतर चालू करने के निर्देश देते हुए उन्होंने रिबोर कार्य में हो रही देरी पर अधिकारियों और सचिवों को कड़ी फटकार लगाई। सीडीओ ने सवाल उठाया कि जब बजट उपलब्ध है तो फिर जनता प्यास क्यों झेल रही है? पाठा क्षेत्र की आठ चिन्हित ग्राम पंचायतों में टैंकरों और जल जीवन मिशन के माध्यम से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रशासन के पास टैंकरों की कोई कमी नहीं है और आवश्यकता पड़ने पर किराए के टैंकर लगाकर भी पानी पहुंचाया जाए। भूजल स्तर गिरने से जिन क्षेत्रों में हैंडपंप जवाब दे चुके हैं, वहां टैंकर ही सहारा होंगे। प्रमुख बाजारों और चौराहों पर प्याऊ लगाने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में सीडीओ ने सचिवों को जनता के फोन अनिवार्य रूप से उठाने और समस्याओं का तत्काल समाधान करने की चेतावनी दी। पेयजल शिकायतों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए गए। बिना सूचना बैठक से गायब रहने वाले करौंहा ग्राम पंचायत सचिव पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। साथ ही गांवों में स्वच्छता व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

## लू के थपेड़ों से बचाने मैदान में उतरा प्रशासन, हर गांव तक पहुंचेगा अलर्ट

**चित्रकूट।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के बीच प्रशासन अब पूरी तरह अलर्ट मोड में दिखाई दे रहा है। मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हीट वेव (लू) से बचाव एवं राहत व्यवस्थाओं को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों को साफ शब्दों में निर्देश दिए गए कि लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीडीओ ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक घरों से बाहर निकलने से बचें और शरीर को लगातार हाइड्रेटेड रखें। उन्होंने कहा कि यदि जरूरी कार्य से बाहर जाना पड़े तो सिर और चेहरे को सूती कपड़े, टोपी या अंगोछे से ढंककर ही निकलें। पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया गया कि मौसम विभाग के हर अलर्ट संदेश को तत्काल गांव-गांव तक पहुंचाया जाए ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि रोकी जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर, स्वप्निल कुमार यादव तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त, शासनादेश के बाद प्रधानों को बनाया गया प्रशासक

- पंचायत का लोकतंत्र रुका
- प्रधान अब प्रशासक बन करेंगे राज

**चित्रकूट।** जिले में ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होते ही गांवों की सत्ता का नया अध्याय शुरू हो गया है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अगले पड़ाव यानी पंचायत चुनाव से पहले अब गांवों की कमान फिर उन्हीं पुराने प्रधानों के हाथों में सौंप दी गई है, जिनका कार्यकाल 26 मई 2026 को समाप्त हो चुका है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा जारी आदेश के अनुसार 27 मई से निवर्तमान ग्राम प्रधानों को उनकी संबंधित ग्राम पंचायतों में प्रशासक के रूप में नामित कर दिया गया है। शासन के पंचायतीराज अनुभाग-3 द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पंचायत चुनाव समय पर न हो पाने और नई ग्राम पंचायतों की पहली बैठक होने तक गांवों में प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। अब यही पुराने प्रधान अधिकतम छह माह तक पंचायतों में रूटीन कार्य संभालेंगे। हालांकि शासन ने यह भी साफ कर दिया है कि कोई भी प्रशासक नीतिगत निर्णय नहीं ले सकेगा। यदि किसी विशेष परिस्थिति में बड़ा फैसला जरूरी हुआ तो प्रस्ताव जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। गांवों की राजनीति में इस फैसले को लेकर नई चर्चाएं तेज हो गई हैं। सत्ता का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी प्रशासनिक अधिकार पुराने प्रधानों के पास बने रहने से कई गांवों में इसे लोकतंत्र का अस्थायी विस्तार तो कई जगह पुरानी पकड़ की वापसी के रूप में देखा जा रहा है।

**क्या है पूरा मामला?**

26 मई 2026 को ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त, पंचायत चुनाव तक पुराने प्रधान ही रहेंगे प्रशासक, अधिकतम छह माह तक रहेगा यह प्रबंध, प्रशासक केवल सामान्य कार्य कर सकेंगे, बड़े नीतिगत फैसलों के लिए डीएम से लेनी होगी अनुमति

# चुनावी मौसम में उग रहीं राजनीतिक दुकानें जनता के नाम पर किसका कारोबार?

- मुद्दे गायब और चेहरे बेहिसाब
- जनता के नाम पर राजनीतिक मेला

**चित्रकूट।** प्रदेश में चुनावी आहट तेज होते ही चित्रकूट की राजनीतिक गलियों में अचानक हलचल बढ़ गई है। जो दल और चेहरे लंबे समय तक जिले की सामाजिक, जनआंदोलन या स्थानीय समस्याओं की लड़ाई में कहीं दिखाई नहीं दिए, वे अब लगातार बैठकों, संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियानों के जरिए अपनी मौजूदगी दर्ज कराने में जुट गए हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि चुनाव नजदीक आते ही छोटे-बड़े दलों की सक्रियता बढ़ना सामान्य राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा होती है, लेकिन जनता के बीच यह चर्चा भी तेज है कि कई संगठन चुनावी माहौल में अपनी पहचान मजबूत करने और राजनीतिक जमीन तलाशने की कोशिश करते हैं। जिले में इन दिनों पोस्टर, बैनर और बैठकों की राजनीति तेजी से बढ़ती दिखाई दे रही है, जबकि आम लोगों की अपेक्षा है कि राजनीतिक दल स्थानीय मुद्दों, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और विकास जैसे विषयों पर भी उतनी ही गंभीरता दिखाएं। इसी क्रम में एक पार्टी की समीक्षा बैठक सीतापुर क्षेत्र में आयोजित हुई, जिसमें पूर्व विधायक अतिथि के रूप में शामिल हुईं। बैठक में संगठन को मजबूत करने, गांव-गांव पार्टी की नीतियां पहुंचाने और आगामी चुनावी रणनीतियों पर चर्चा के ढकोसले रचे गए। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकताओं से जनता के बीच सक्रिय रहने और क्षेत्रीय समस्याओं को उठाने का आह्वान किया। बैठक के अंत में संगठन को मजबूत बनाने तथा जनसमस्याओं के समाधान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। हालांकि जिले की राजनीतिक फिजा में यह सवाल लगातार बना हुआ है कि चुनावी सक्रियता केवल बैठकों और नारों तक सीमित रहेगी या फिर जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर भी ठोस पहल दिखाई देगी।

## बगदरी की बदहाली से भड़के डीएम, अब गांव-गांव होगी 'सरकारी हाजिरी' की जांच


**चित्रकूट।** जिले में ग्राम पंचायतों की बदहाल व्यवस्था पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग का सख्त रुख सामने आया है। ग्राम पंचायत बगदरी के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने जब गांव में सफाईकर्मी तक तैनात न होने, शौचालयों और विद्यालयों में गंदगी पसरे रहने तथा फील्ड कर्मचारियों की अनुपस्थिति की शिकायत की, तो डीएम ने पूरे जिले की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल को तत्काल जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। अब इसी कंट्रोल रूम से शिक्षकों, सफाईकर्मियों, पंचायत सचिवों, रोजगार सेवकों, आंगनबाड़ी कर्मियों, चिकित्सकों और एएनएम की रैंडम उपस्थिति जांची जाएगी। साथ ही जल जीवन मिशन, सड़क निर्माण, हैंडपंप, तालाब और अन्य योजनाओं की जमीनी हकीकत भी दर्ज होगी। डीएम के इस आदेश के बाद गांवों में वर्षों से कागजी विकास दिखाने वाले कर्मचारियों और विभागों में हड़कंप मच गया है।

# चित्रकूट समेत नौ जिलों में आंधी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

- हवा की रफ्तार 40-60 किमी/घंटा
- बिजली गिरने की आशंका
- खुले मैदान व पेड़ों से दूर रहें

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मौसम ने एक बार फिर करवट लेते हुए बुंदेलखंड और आसपास के जिलों के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। सचेत ऐप के माध्यम से जारी सूचना के अनुसार अगले तीन घंटों के भीतर चित्रकूट, बांदा, महोबा, हमीरपुर, कौशांबी, फतेहपुर, औरैया, इटावा और मैनपुरी के कुछ क्षेत्रों में तेज आंधी-तूफान के साथ बिजली कड़कने और हल्की से मध्यम बारिश होने की अत्यधिक संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने इसे ऑरेंज अलर्ट की श्रेणी में रखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। चेतावनी के अनुसार हवाओं की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है, जिससे पेड़ गिरने, बिजली आपूर्ति बाधित होने और कमजोर ढांचों को नुकसान पहुंचने का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने लोगों से खुले स्थानों, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने की अपील की है। किसानों और राहगीरों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है, क्योंकि अचानक बदलता मौसम मुसीबत का कारण बन सकता है।




# खांच बस्ती में नया रिबोर होने से पेयजल संकट खत्म, ग्रामीणों ने जताई राहत



खांच बस्ती में पानी समस्या से परेशान ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में वर्षों से पेयजल संकट से जूझ रही ग्राम पंचायत रुकमा बुजुर्ग के मजरा खांच एससी बस्ती में आखिरकार राहत की बूंदें पहुंच ही गईं। बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा द्वारा लगातार उठाई गई जनआवाज और ग्रामीणों के समर्थन ने प्रशासनिक तंत्र को हरकत में आने पर मजबूर कर दिया। कुछ दिन पूर्व संगठन के नेतृत्व में प्रखर पटेल, समाजसेवी मुकेश कुमार, संदीप पटेल, जयकरन, प्रान्शू सहित अन्य साथियों ने बस्ती की गंभीर पेयजल समस्या को लेकर मोर्चा खोला था। ग्रामीणों की पीड़ा को प्रमुखता से उठाते हुए संबंधित विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया। लगातार बढ़ते जनदबाव और संगठन के संघर्ष का असर यह हुआ कि विभाग ने बस्ती में नया रिबोर करा दिया। अब इलाके में पानी पहुंचने से ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे हैं। ग्रामीणों ने बुन्देलखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रति आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने उनकी आवाज को मजबूती से उठाया। संगठन ने भी साफ किया कि जनता के अधिकारों और मूलभूत सुविधाओं के लिए उसका संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।

## 16 साल पुराने गैर इरादतन हत्या मामले में आरोपी को 7 साल की सजा

- विशेष एससीध्एसटी कोर्ट ने दोषी ठहराया
- 2010 के मामले में आया फैसला

**चित्रकूट।** जिले में 16 साल पुराने गैर इरादतन हत्या के मामले में आखिरकार अदालत का फैसला आ गया। विशेष एससी/एसटी कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सात वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला उस पुराने जख्म को फिर ताजा कर गया, जब कर्वी कोतवाली क्षेत्र के खोह गांव में तालाब किनारे हुए लाठीकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया था। अभियोजन के मुताबिक 16 फरवरी 2010 को हरछटिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसका भाई भिखरिया शौच के लिए तालाब की ओर गया था, जहां पहले से घात लगाए बैठे संदीप मिश्रा ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने आईपीसी की धारा 307, 504, 506 और एससीध्एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। सुनवाई के दौरान गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर विशेष न्यायाधीश गीता सिंह ने आरोपी संदीप मिश्रा को आईपीसी की धारा 304(2), 504 और एससीध्एसटी एक्ट में दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई। पुलिस ने इसे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान की बड़ी सफलता बताया है।

# साईपुर हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार, एक अब भी फरार




**चित्रकूट।** थाना पहाड़ी क्षेत्र के ग्राम साईपुर में हुई सनसनीखेज हत्या ने पूरे इलाके को दहला दिया। रात के सन्नाटे में दरवाजे पर बुलाकर बाबूलाल यादव की सीने में चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद गांव में चीख-पुकार और दहशत फैल गई। मृतक की पत्नी रानी देवी की तहरीर पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए गए अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक निशिकांत राय और उनकी टीम ने महज दो दिन के भीतर दो आरोपियों अमन पटेल और गोलू यादव उर्फ चन्द्रिका प्रसाद को ग्राम पटियाजप्ती के तालाब किनारे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अमन पटेल ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की, जबकि तीसरा आरोपी राकेश यादव अब भी फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। तेज कार्रवाई से पुलिस ने हत्या के इस चर्चित मामले में बड़ी सफलता हासिल की है।

# नेहरू की विरासत पर गूंजा चित्रकूट कांग्रेस कार्यालय, लोकतंत्र बचाने का उठा संकल्प

नेहरू पुण्यतिथि पर कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन



नेहरूजी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

**चित्रकूट।** जिला कांग्रेस कैंप कार्यालय मंगलवार को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धा और राजनीतिक संदेशों का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की गई, जिसके बाद उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू केवल स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री ही नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के शिल्पकार और लोकतांत्रिक मूल्यों के सबसे मजबूत प्रहरी थे। उन्होंने कहा कि नेहरू की वैज्ञानिक सोच, संस्थाओं के प्रति सम्मान और लोकतंत्र को मजबूत करने की प्रतिबद्धता आज भी देश को दिशा देने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने उनके योगदान को याद करते हुए लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर जिला महासचिव विजय मणि त्रिपाठी, कालीचरण राजपूत, जिला सचिव कार्यालय प्रभारी राजेश सिंह पटेल, अंशु यादव, मनराज सिंह और छोटेलाल समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मोदी को खास संदेश देने से ठीक पहले ट्रंप ने फोन पर ऐसा क्या कहा?

## सऊदी अरब, कतर और पाकिस्तान की हो गई थी बोलती बंद

**चीन**

**पिछले** कई दिनों से खबरें फैलाई जा रही हैं कि पीएम मोदी डोनल्ड ट्रंप से डरते हैं। ऐसा ही झूठा नैरेटिव इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ भी चलाया जा रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप नेतन्याहू से भी नाराज है। एक मीटिंग में तो नेतन्याहू को धमका दिया। लेकिन अब अचानक कुछ ऐसा हुआ है जिसने पीएम मोदी और नेतन्याहू की ताकत दुनिया को दिखा दी है। झूठ ज्यादा दिनों तक जिंदा नहीं रहता उसे कॉकरोच की तरह कुचल दिया जाता है। दरअसल अमेरिका की आजादी के 250 साल पूरे होने पर दिल्ली के भारत मंडप कन्वेंशन सेंटर में एक कार्यक्रम चल रहा था। मंच पर अचानक अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर आए और उन्होंने कहा कि मेरे साथ फोन पर कोई है। उन्होंने फोन का स्पीकर ऑन किया। स्पीकर से डोनाल्ड ट्रंप की आवाज आई। आई लव द प्राइम मिनिस्टर मोदी ग्रेट। माय फ्रेंड। यह सब तो आप शायद सोशल मीडिया पर पहले भी पढ़ चुके होंगे। लेकिन आपको शायद यह पता नहीं होगा कि डोनाल्ड ट्रंप ने यहां फोन करने से पहले एक और फोन मिलाया




था।

चीन में बेइज्जत होने के बाद ट्रंप को शायद पता चल चुका है कि भारत के बिना वह कुछ नहीं कर पाएंगे। इसीलिए भारत में फोन मिलाकर ट्रंप ने कहा कि मैं पीएम मोदी का बहुत बड़ा फैन हूं। भारत मुझ पर 100सदी भरोसा कर सकता है। भारत को जो चाहिए वो मिलेगा। पीएम मोदी को कॉल करने से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने एक कॉन्फ्रेंस कॉल भी की थी। डोनाल्ड ट्रंप ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, पाकिस्तान, तुर्की, मिस्र, जॉर्डन और बहरीन के नेताओं को एक ही फोन कॉल पर ले लिया। ट्रंप ने इन सभी मुस्लिम देशों से कहा कि इजराइल के साथ शांति डील साइन करने के लिए तैयार हो जाओ। हमें इब्राहिम अकॉर्ड को आगे बढ़ाना है।

आपको बता दें कि 2020 में साइन हुए इब्राहिम अकॉर्ड के तहत संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और मोरक्को पहले ही इजराइल के साथ पीस डील साइन कर चुके हैं। लेकिन अब नेतन या़ू के प्रेशर के बाद डोन्ड ट्रंप ने सभी मुस्लिम देशों से कहा है कि वह इजराइल के साथ पीस डील साइन करें। ट्रंप ने जैसे ही बाकी मुस्लिम देशों से पीस डील साइन करने के लिए कहा, तो अचानक फोन पर सन्नाटा छा गया।

मजाक में डॉन्ड ट्रंप ने पूछा कि क्या सभी लाइन पर अभी भी मौजूद हैं? रिपोर्ट्स की मानें तो अमेरिका ने खासतौर पर सऊदी अरब, कतर और पाकिस्तान से बोल दिया है कि इजराइल के साथ पीस डील साइन करो। आपको बता दें कि सऊदी अरब, कतर और पाकिस्तान के इजराइल के साथ कोई औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं है। लेकिन अगर अमेरिका के दबाव में यह मुस्लिम देश और खासतौर पर पाकिस्तान, इजराइल को एक देश की मान्यता देते हैं, तो पूरी दुनिया की जिओपॉलिटिक्स ही बदल जाएगी।

# खुफिया जहाज ने अचानक भारत के पास चालू किया सिग्नल, मचा तहलका!

**संयुक्त अरब**

**समंदर** के बीचों-बीच एक जहाज भारत की तरफ बढ़ रहा था। इस जहाज के बारे में किसी को नहीं पता था क्योंकि इस जहाज ने अपना सिग्नल बंद कर रखा था। लेकिन जैसे ही यह जहाज भारत के पास पहुंचा तो इसने अपना सिग्नल ऑन कर दिया और उसके बाद जो खबर आई उसने तहलका मचा दिया। पीएम मोदी ने यूरोप जाने से पहले ढाई घंटे संयुक्त अरब अमीरात में एक हाई लेवल मीटिंग की थी। दरअसल एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान अमेरिका जंग के बाद पहली बार एक जहाज संयुक्त अरब अमीरात से लिक्विफाइड नेचुरल गैस भरकर भारत ले आया है। लेकिन उससे भी दिलचस्प बात यह है कि जब ये जहाज अबू धाबी के दास आइलैंड पर खड़ा था और गैस को लोड कर रहा था तब इस जहाज ने अपने सिग्नल्स को बंद कर रखा था ताकि किसी




को ना पता चले कि यह जहाज यहां खड़ा है। गैस भर कर यह जहाज बिना सिग्नल ऑन किए भारत की तरफ निकल पड़ा और जब यह जहाज खतरे वाले इलाके से निकल कर भारत के नजदीक पहुंचा, तो इसने अपना सिग्नल ऑन कर लिया।

वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच इस जहाज ने भारत तक लिक्विफाइड नेचुरल गैस पहुंचा दी है। इस जहाज ने कितनी धमाकेदार तरकीब निकाली और बिना सिग्नल ट्रांसमिट किए बगैर स्ट्रेट ऑफ हॉर्मोस और परर्शियन गल्फ के पास से होता हुआ यह भारत पहुंच गया। यह है भारत और संयुक्त अरब अमीरात की दोस्ती की ताकत। बहरहाल इसी बीच बढ़ते तेल संकट के बीच भारत लगातार कुछ ना कुछ कदम उठा रहा है। जिससे भारतीय लोगों पर बढ़ते तेल दामों की मार सबसे कम पड़े। दुनिया के कई बड़े-बड़े विकसित देश तेल के दामों को दुगना कर चुके हैं। लेकिन 150 करोड़ की आबादी वाला भारत अभी भी चुनौतियों से डटकर मुकाबला कर रहा है। इसी कड़ी में अचानक वेनेजुएला भारत का तीसरा सबसे बड़ा ऑयल सप्लायर बन गया है। लेकिन ऐसा क्यों हुआ है वह सच आपको चौंका देगा। एक डाटा के मुताबिक वेनेजुएला ने मई के महीने में भारत को लगभग 47,000 बैरल तेल प्रतिदिन भेज दिया।

अप्रैल के महीने में यह मात्रा 2,83,000 बैरल प्रतिदिन थी और उससे पहले 9 महीने तक भारत ने वेनेजुएला पर सेंशंस के चलते तेल ही नहीं खरीदा था। अब सवाल यह है कि भारत अचानक वेनेजुएला से इतना तेल क्यों खरीद रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि वेनेजुएला के तेल के दाम कम है। ग्लोबल ऑयल मार्केट इस वक्त प्रेशर में है। सेंशंस हटने के बाद रूसी तेल महंगा हो गया है। स्टेट ऑफ हॉर्मोंस के चलते सऊदी अरब का तेल भी महंगा हो गया है। ऐसे में भारत के लिए वेनेजुएला का तेल दुनिया के मुकाबले सस्ता है। आपको बता दें कि वेनेजुएला का तेल हैवी और हाई सल्फर क्रूड ऑयल है। दुनिया में चुनिंदा देश ही हैं जो वेनेजुएला के तेल को रिफाइन कर सकते हैं। इसीलिए इस तेल की डिमांड बहुत ज्यादा नहीं है क्योंकि ज्यादातर देशों के पास ऐसी रिफाइनरीज ही नहीं है कि वह इतना हैवी क्रूड ऑयल रिफाइन कर सके।

## अच्छा समझौता होगा या फिर कुछ नहीं... ट्रंप ने किया साफ- ओबामा जैसी गलती नहीं कर सकता



**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वे ईरान के साथ हुए समझौते को लेकर सकारात्मक हैं और उम्मीद जताते हैं कि यह शानदार और सार्थक होगा। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि अगर ईरान अमेरिका की शर्तों को नहीं मानता है तो उसके साथ कोई समझौता नहीं होगा। दो बार रिपब्लिकन राष्ट्रपति रह चुके ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर 2015 में ईरान के साथ हुए समझौते (जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओ) के नाम से जाना जाता है) को लेकर भी हमला किया और इसे तेहरान के लिए परमाणु हथियार बनाने का सीधा और खुला रास्ता बताया। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक संदेश में कहा कि ईरान के साथ समझौता या तो शानदार और सार्थक होगा, या फिर कोई समझौता नहीं होगा। यह ओबामा प्रशासन की नाकामियों के बावजूद हुए जेसीपीओ समझौते के बिल्कुल विपरीत होगा

उन्होंने डेमोक्रेट्स पर भी हमला किया और उन्हें 'डमोक्रेट्स, आरआईएनओएस और मूर्ख' कहा, साथ ही यह भी कहा कि उन्हें इस बात का कोई अंदाजा नहीं है कि वे ईरान के साथ किस तरह का संभावित समझौता करेंगे। उन्होंने कहा कि 'ड्यूमोक्रेट्स' लगातार खराब नीतियों का समर्थन करते हैं और आगे कहा कि वे विभाजन और नुकसान के अलावा कुछ नहीं करते। उन्होंने कहा कि लगभग सभी ड्यूमोक्रेट्स, जो पूरी तरह से भटक चुके हैं, लगातार खराब नीतियों और उससे भी खराब उम्मीदवारों का समर्थन करते हैं, लेकिन मेरी हर शानदार जीत की लगातार आलोचना करते हैं। अमेरिका-ईरान युद्ध 28 फरवरी को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के साथ शुरू हुआ था, लेकिन अब दोनों पक्ष संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत में लगे हुए हैं। हालांकि, ईरान का परमाणु कार्यक्रम दोनों पक्षों के लिए विवाद का एक मुख्य कारण बना हुआ है।

ईरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल नागरिक उपयोग के लिए है, जबकि अमेरिका का दावा है कि तेहरान परमाणु हथियार बना रहा है। ईरान का कट्टर दुश्मन माने जाने वाले इजराइल ने भी तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिका का समर्थन किया है ।

## मोहम्मद गालिबफ फिर चुने गए संसद अध्यक्ष



**ईरान**

**मोहम्मद** बगेर गालिबफ सातवीं बार ईरान की संसद के अध्यक्ष चुने गए हैं। इस अर्ध-सरकारी सरकारी समाचार आउटलेट के मुताबिक, सोमवार सुबह हुए मतदान में 271 वोटों में से 235 वोट हासिल कर-के वे संसद के अध्यक्ष बने रहे। अमेरिका के साथ वार्ता में ईरान के शीर्ष वाताकार का यह पुनः चुनाव ऐसे समय हुआ है जब तेहरान और वाशिंगटन के बीच शांति वार्ता जारी है। आईएसएनए की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ईमेल बाकाई ने कहा कि चल रही वार्ता फिलहाल युद्ध को समाप्त करने पर केंद्रित है और परमाणु मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी आईएसएनए के अनुसार, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि वार्ता का मुख्य उद्देश्य युद्ध को समाप्त करना है, और इस समय हम परमाणु मुद्दे के विवरण पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। इससे पहले, सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच शांति समझौते पर पहुंचने के लिए काम जारी है, और उन्होंने आश्वासन दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कोई बुरा समझौता नहीं करेंगे। ईरान से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों के बारे में पूछे जाने पर, रुबियो ने मीडिया से कहा, "हम अभी भी काम कर रहे हैं... मुझे लगता है कि उनके द्वारा जलडमरूमध्य को खोलने, जलडमरूमध्य को खुलवाने और परमाणु मामलों पर एक महत्वपूर्ण, समयबद्ध वार्ता शुरू करने की क्षमता के संदर्भ में काफी ठोस प्रस्ताव मौजूद है। और उम्मीद है कि हम इसे पूरा कर पाएंगे।

## ट्रेन में भरकर जा रहे थे पाकिस्तानी सैनिक, तभी हुआ धमाका, उड़े चिथड़े

**बलूचिस्तान**

**बलूचिस्तान** जल रहा है। पाकिस्तानी सेना मर रही है और इस्लामाबाद में बैठी सरकार सिर्फ लाशें गिन रही है। क्वेटा पाकिस्तान का वही शहर जहां आज ऐसा धमाका हुआ जिसने पूरी पाकिस्तानी फौज की रूह तक हिला दी। एक आर्मी ट्रेन जिसमें सैनिक भरे हुए थे। अचानक आग के विशाल गोले में बदल गई। धमाका इतना खतरनाक था कि ट्रेन के डिब्बे खिलौने की तरह हवा में उछल गए। चारों तरफ सिर्फ धुआं, चीखें, कटे हुए शरीर और बिखरा हुआ खून दिखाई दे रहा था। कहा जा रहा है कि चमन फाटक के पास बारूद से भरी कार ने सीधे ट्रेन को टक्कर मारी और अगले ही सेकंड ऐसा विस्फोट हुआ जिसने क्वेटा को युद्ध का मैदान बना दिया। घटना स्थल से आई तस्वीरें पाकिस्तान की बबार्दी की कहानी खुद बता रही है। एक डिब्बा पूरी तरह पलटा पड़ा है। जवानों के बैग, हथियार और खून से सने कपड़े पटरी पर बिखरे पड़े हैं। घायल




सैनिक दर्द से चीख रहे हैं और पाकिस्तानी फौज सिर्फ इलाके को घेर कर तमाशा देख रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 25 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। 70 से ज्यादा घायल है और मरने वालों में पाकिस्तानी सेना के जवान बड़ी संख्या में शामिल है। लेकिन यह सिर्फ एक धमाका नहीं है। यह पाकिस्तान के टूटते सिस्टम का लाइव प्रूफ है। क्योंकि जिस देश ने दशकों तक आतंकवाद को पाल कर रखा आज वही आतंक उसकी छाती पर चढ़कर गोलियां चला रहा है।

## चीन की गीदड़भभकी पर मिला करारा जवाब, अगला दलाई लामा भारत से होगा?

**तिब्बत**

**तिब्बत** के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा का अगला अवतार। दरअसल चीन ने एक बार फिर गीदड़ भभकी दे दी है। चीनी दूतावास की प्रवक्ता हैं यू जिन जिन्होंने साफ शब्दों में भारत को चेतावनी दे डाली है कि वो दलाई लामा के पुनर्जन्म की प्रक्रिया में हस्तक्षेप बिल्कुल ना करें। चीन का साफ कहना है कि यह उनका आंतरिक मामला है। लेकिन सवाल तो यह है कि आखिर जिस देश की सरकार नास्तिकता में विश्वास रखती है, वह एक आध्यात्मिक अवतार के लिए इतना बेचैन क्यों है? दरअसल चीनी प्रवक्ता यूजिंग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि दलाई लामा का पुनर्जन्म पूरी तरह चीन का आंतरिक मसला है। उन्होंने केंद्रीय तिब्बती प्रशासन यानी



कि तिब्बत की निवार्सी सरकार को अवैध बताया और कहा कि भारत को तिब्बत की आजादी की वकालत करने वालों को मंच नहीं देना चाहिए। लेकिन चीन की इस बौखलाहट की टाइमिंग बहुत महत्वपूर्ण है। हाल ही में भारत के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने खुलकर कहा कि जो लोग दलाई लामा को मानते हैं उनका यह मानना है कि पुनर्जन्म का फैसला दलाई लामा की इच्छा और परंपरा के अनुसार होना चाहिए। अब भारत का यह कड़ा रुख ही चीन की परेशानी की सबसे बड़ी वजह बन चुका है।

अब सवाल आता है कि चीन दलाई लामा को खुद क्यों नहीं चुनना चाहता है? इसके पीछे के तीन बड़े कारण हैं। पहला कारण है पूर्ण नियंत्रण। चीन चाहता है कि अगला दलाई लामा उनकी कम्युनिस्ट पार्टी यानी सीसीपी की कठपुतली हो। अगर दलाई लामा चीन का होगा तो तिब्बत और दुनिया भर के बौद्ध समुदाय पर बीजिंग का कब्जा पक्का हो जाएगा। दूसरा कारण है भारत का डर। तिब्बत की निवार्सी सरकार धर्मशाला भारत में है। चीन को डर है कि अगला दलाई लामा भारत के तवांग यानी कि अरुणाचल प्रदेश या किसी और क्षेत्र से चुना जा सकता है। अगर ऐसा हुआ तो तिब्बत पर चीन के अवैध कब्जे का दावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिट्टी में मिल जाएगा। तीसरा कारण है कानून का बहाना। चीन गोल्डन अर्न यानी कि सोने की कलश वाली एक पुरानी पद्दति का हवाला देता है और कहता है कि उनकी मंजूरी अनिवार्य है। जबकि 14वें दलाई लामा ने साफ कर दिया है कि उनका पुनर्जन्म किसी स्वतंत्र देश में होगा ना कि चीनी कब्जे वाले तिब्बत में।

कैसे चुना जाता है दलाई लामा

यह प्रक्रिया जितनी रहस्यमई होती है, उतनी ही पवित्र भी होती है। दरअसल, तिब्बती बौद्ध धर्म में यह कोई चुनाव नहीं है।

## सन्न रह गया सऊदी! ट्रंप अचानक क्या बोले, मुस्लिम देश चौंक गए

**इजरायल**

**मिडिल** ईस्ट एक्सपर्ट कहते हैं कि इजरायल के लिए अमेरिका कुछ भी कर सकता है और अमेरिका के बिना इजरायल कुछ नहीं है। जून 2025 में 12 दिनों की जंग में इसराइल के लिए आखिर में अमेरिका खड़ा हो गया था। और 2026 की 40 दिनों की जंग भी अमेरिका इजरायल ने मिलकर लड़ी ईरान के खिलाफ। इजरायल के लिए ही अमेरिका अपनी जंगी बेड़े से लेकर सारा साजो सामान अरब देशों की जमीन और समंदर में रखता है। यानी इसराइल अमेरिका के लिए सब कुछ है। प्रेसिडेंट ट्रंप ने इजरायल की मोहब्बत में कुछ ऐसा ही किया है। अरब और मुस्लिम देशों के साथ। दरअसल ट्रंप ने सऊदी, कतर, पाकिस्तान को दो टूक कह दिया है कि वो इजरायल को स्वीकार करें, उसे मान्यता दें। उसके साथ समझौता करें। अब मुस्लिम देशों के सामने तो बड़ा धर्म संकट खड़ा हो गया है। ट्रंप को देखें या फिर अपनी आवाम की भावनाओं को। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को ट्रंप ने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, पाकिस्तान, तुर्की, मिस्र, जॉर्डन और बहरीन के लीडर्स के साथ फोन पर बात की। इसमें ट्रंप ने ऐसी बात कही जिससे हर लीडर चौंक गया और कुछ पल के लिए फोन कॉल में सन्नाटा छा गया।

ट्रंप ने कहा कि ईरान जंग खत्म होने के बाद अगला कदम होगा कि अरब और मुस्लिम देश इसराइल से समझौता सामान्य करें और अब्राहम अकॉर्ड में शामिल हो। ट्रंप रव्ते के अरब मुल्कों और डील में सहयोग कर रहे पाकिस्तान, तुर्की वगैरह के साथ फोन पर चर्चा कर रहे थे। लेकिन इसी बातचीत में ट्रंप ने अचानक नया मुद्दा उठा दिया। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक ट्रंप ने नेताओं से कहा कि वह अब इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को फोन करने जा रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि जल्द ही इजरायल के लीडर भी इसी तरह की कॉल में सबके साथ शामिल होंगे। फिर क्या था यूएई को छोड़कर बाकी अरब और मुस्लिम देशों के नेताओ को काटो तो खून नहीं। ट्रंप के सामने कुछ बोले तो फंसे और अगर ना बोले तो मुसीबत। ट्रंप के इजरायल के साथ समझौते का जिक्र करते हुए एक चुप्पी छा गई। वक्त बदल गया, हालात बदल गए। खासकर सऊदी



अरब, कतर और पाकिस्तान जैसे देशों के नेता जिनके इजरायल के साथ औपचारिक कूटनीतिक रिश्ते नहीं है। ट्रंप की इस मांग से वो लोग हैरान रह गए। पाकिस्तान जैसे कथित इस्लामिक देशों की तो पूरी इंटरनेशनल सियासत ही इजरायल के खिलाफ बेस्ड है। वो तो बुरे फंस गए हैं। पाकिस्तान की इजरायल से नफरत को इसी आधार पर समझा जा सकता है कि उसके पासपोर्ट पर लिखा है कि पाकिस्तान इजरायल को नहीं मानता है।

एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि लाइन पर कुछ देर के लिए खामोशी छा गई। तब ट्रंप ने मजाक में पूछा कि क्या आप लोग अभी भी लाइन पर हैं? तब जाकर मुस्लिम देश कुछ सहज हुए। ट्रंप ने यहां तक इशारा कर दिया कि एक दिन ईरान भी अब्राहम समझौते में शामिल हो सकता है। एक्सपर्ट कहते हैं कि ईरान में इस्लामिक रेवोल्यूशन की सरकारों के रहते यह मुमकिन नहीं है क्योंकि 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से ही ईरान की फॉरेन पॉलिसी में फिलिस्तीन की आजादी शामिल है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा